सार समाचार

## विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों को दिया जा रहा हैं प्रशिक्षण



**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मतदलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के तीसरे दिन चारों विधानसभा के मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसी क्रम में विधानसभा चांचौड़ा के लिए उमावि बीनागंज एवं विधानसभा राघौगढ़ के लिए पॉलिटेक्निक संस्थान में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज शासकीय पीजी महाविद्यालय गुना में विधानसभा बमोरी के लिए कक्ष क्रमांक बी–1 में पीयूष कुमार पाराशर, श्रीमति सोनू जैन एवं जितेन्द्र धाकड़, कक्ष क्रमांक बी–1 में विकास पित्रे, रानी मुगल एवं गिरजेश भार्गव एवं कक्ष क्रमांक 3 में एसके छारी, नीरज मोहन गुप्ता एवं जय कृष्ण शुक्ला द्वारा मतदान सामग्री प्राप्?त करने के दौरान सावधानियां, संबंधित लिफाफों को सील करना, डाक मतपत्र प्रक्रिया से संबंधित अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान तहसीलदार बमोरी गजेन्द्र सिंह द्वारा उपस्थित मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

इसी प्रकार गुना विधानसभा क्षेत्र के लिए कक्ष क्रमांक 16 में रिचा जैन, चंद्रभान अहिरवार तथा बृजराज सिंह चौहान एवं कक्ष क्रमांक 20 में विनीता जैन, प्रकाश चंद चौरसिया एवं सुनील कुमार त्यागी, कक्ष क्रमांक 21 में जगत सिंह किरार, मानव सिंह चौधरी एवं जयप्रकाश द्वारा उपस्थित मतदान दलों को मतदान प्रक्रिया से संबंधित पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, मतदान अधिकारी क्रमांक 2 एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 3 के क्या–क्या दायित्व हैं तथा अन्य बिंदुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया एवं प्रशिक्षण के दौरान ईव्हीएम की हेण्ड्सऑन प्रेक्टिस करायी गयी और इस दौरान मतदानकर्मियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

**सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण 18 को :** इसी क्रम में सेक्टर अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया से संबंधित मतदान दिवस से पूर्व, मतदान दिवस एवं मतदान समाप्ति के दौरान उनकी जिम्मेदारियों से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में ब्लॉक–2, कमरा क्रमांक बी–1, बी–2, बी–3 तथा ए–3 में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया जायेगा।

प्रशिक्षण देने हेतु संबंधित मास्टर ट्रेनर्स को संबंधित विधानसभा क्षेत्रांतर्गत प्रशिक्षण देने हेतु निर्देशित किया गया है।

### नगरपालिका उपाध्यक्ष ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, कलेक्टर को जांच के लिए लिखा पत्र

# नपाध्यक्ष व सीएमओ ने सांठगांठ कर ठेकेदार को किया करोड़ों का भुगतान

**गुना, देशबन्धु।** शहर में सीवरेज लाईन खुदाई मरम्मत के मामले में भाजपा के नपाध्यक्ष और नपा उपाध्यक्ष आमने–सामने हैं। कलेक्टर को लिखे पत्र में नपा उपाध्यक्ष धरम सोनी ने नपाध्यक्ष एवं सीएमओ पर भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सडक़ों की मरम्मत किए बिना ही सांठगांठ कर सीवर लाईन ठेकेदार को पूरा भुगतान करने का आरोप लगाया है। इस मौके पर श्री सोनी ने कलेक्टर को लिखे पत्र में त्यौहारों के मद्देनजर सीवर लाईन खुदाई का काम बंद करने की मांग की है। पत्र में नपा उपाध्यक्ष श्री सोनी ने आरोप लगाया कि शहर में जो सीवर लाईन खुदाई का काम चल रहा है वह बहुत ही घटिया किस्म का है और पारदर्शिता नहीं रखी जा रही है। सीवर के जो चेंबर बनाएं जा रहे हैं वह मिस्त्री नहीं बल्कि छोटे–छोटे बच्चे बना रहे हैं। जिसमें न चेंबर की ढाल का पता है लंबाई–चौड़ाई का। श्री सोनी ने आरोप लगाया कि शहर के प्रताप छात्रावास रोड, गुलाबगंज की सडक़ें, पठार मोहल्ला, पुरानी छावनी, आशीर्वाद रोड, दुबे कॉलोनी, खेजरा रोड सहित शहर की तमाम सडक़ें खोदी पड़ी हैं। लेकिन इन सबका भुगतान छह महीने पूर्व ही कर दिया गया है। जब सीवर लाईन के ठेकेदार द्वारा सडक़ों की मरम्मत नहीं की गई है तो फिर रिपेयर बताकर उसका भुगतान कैसे कर दिया गया? नपा उपाध्यक्ष श्री सोनी ने इसके लिए सीएमओ और नपाध्यक्ष पर शहर की जनता को गुमराह कर भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। कलेक्टर को लिखे पत्र में श्री सोनी ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया के अनुसार ठेकेदार को सभी सडक़ें नियमानुसार रिपेयर करना थी। लेकिन नपाध्यक्ष और तत्कालीन सीएमओ ने ठेकेदार से सांठगांठ कर सडक़ों की





राशि में से रुपयों का गबन किया है। जबकि दूसरी ओर नपाध्यक्ष खुद मान रही हैं कि उन्होंने ढेड़ करोड़ की राशि रोकी है और नपा ने ठेकेदार को 25 नोटिस दिए हैं। जब उन्होंने स्वीकार किया है कि ठेकेदार द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है तो उसके बाद भी नपाध्यक्ष ने पूरा भुगतान रोड रिपेयरिंग की खुदाई एवं पाईप लाईन डलने का किस नियम से कर दिया।

**व्यापारी संघ अध्यक्ष पर साधा निशाना, बोले कर रहे नेतागिरी :** इस मौके पर नपा उपाध्यक्ष ने व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल पर भी निशाना साधते हुए उनके द्वारा शहर में डामर की मांग को नेतागिरी बताया। श्री सोनी के अनुसार व्यापारी संघ के अध्यक्ष को यह पता नहीं है कि ठेकेदार को नपाध्यक्ष द्वारा भुगतान कर दिया गया है। बहरहाल नपा उपाध्यक्ष ने कलेक्टर को लिखे पत्र में सीवर खुदाई का काम बंद कराकर सडक़ों की मरम्मत कराने की मांग की है। वहीं जिन खोदी हुई सडक़ों का रिपेयर न कर उनका भुगतान कर दिया गया है उसकी जांच भी कराने की मांग की गई।

**उपाध्यक्ष विकास विरोधी, न्यायालय में ठोंकूगी मानहानि का दावा :** इधर नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने उपाध्यक्ष श्री सोनी के सभी आरोपों को झूठा बताया है। श्रीमती गुप्ता के अनुसार उपाध्यक्ष किस मानसिकता से ऐसा कर रहे है यह तो वही जाने ? उन्हें तो शहर के विकास कार्यो का विरोध करने की आदत हो गई है पूर्व में भी हाट रोड रपटा चौड़ीकरण का भी विरोध किया था क्योंकि वहाँ भी उनका निजी हित था। मुझ पर भष्ट्राचार का आरोप लगाकर क्या मानसिकता है सभी शहरवासी जानते है। न.पा. उपाध्यक्ष शहर के विकास विरोधी है वह जिन सडक़ों की बात कर रहे हैं उन्हें ज्ञान की कमी है। आर्शीवाद रोड हो गुलावगंज खेजरा रोड हो ऐसी किसी भी सडक़ों का रिपेरिंग का सीवर लाईन ठेकेदार को भुगतान नहीं किया गया। जिन सडक़ों का रिपेरिंग का कार्य सीवर वाले ठेकेदार ने किया है उन्हीं का भुगतान किया गया। ऐसी किसी सडक़ का सीवर वालों को भुगतान नहीं किया। जिसकी रिपेरिंग नहीं की गई। मैंने शहर की उन्हीं सडक़ों को डामरीकरण में लिया था। जिनकी समय अवधि पूर्ण हो चुकी है। कई सडक़ें तो इसलिए भी रोक रखी थी की सीवर का कार्य हो जाये उसके बाद ही डामरीकरण कराएंगे। जिससे सडक़ें पुन: खराब ना हो, कई सडक़ें ऐसी भी है जिन पर सीवर का कार्य हुआ ही नहीं है। रेलवे स्टेशन रोड चौड़ीकरण वगैरा ऐसी शहर के 27–28. वार्डो की सडक़ों के कार्य लिऐ गये। जिनके लिये 8.5 करोड़ रुपये शासन से कायाकल्प अभियान एवं शहरी विकास 4 फेज के अन्तर्गत लिए गये, इसमें नगर पालिका निधि का पैसा नही लग रहा है। एक तरफ नपा. उपाध्यक्ष इन्ही सडक़ों के भूमिपूजन कार्यक्रम में न.पा. अध्यक्ष की तारीफ करते है कि अध्यक्ष शहर का चारो तरफ विकास कर रही है। वहीं दूसरे तरफ चार पाँच दिन बाद विरोध करने लगे, यह तो वही जाने की किस मानसिकता से कर रहे है क्या चाहते है क्या सोच है यह तो वही जाने। नपाध्यक्ष श्रीमती गुपता के अनुसार सीवर का कार्य विगत 7 वर्ष से चल रहा है। हमें तो एक वर्ष ही हुआ है। पूर्व की परिषद बताये की यह कार्य अभी तक क्यो पूर्ण नहीं हुआ।

न.पा. उपाध्यक्ष को तो शहर के विकास कार्यो के विरोध करने की आदत सी हो गई है। हमारी सोच है कि सीवर लाइन का कार्य पूर्ण होने के पश्चात दीपावली पूर्व सडक़ों की मरम्मत कर दी जाए। जिससे शहर वासियों को स्वच्छ साफ सुन्दर सडक़ें मिले। जिससे वह त्यौहार हर्ष उल्लास से मना सके। नपा उपाध्यक्ष द्वारा लगाये मुझ पर झूठे आरोप जिसके कारण पार्टी की छवी खराव करने का निरन्तर प्रयास एवं मेरी छवी खराब करने के जो झूठे मिथ्या पूर्ण आरोप लगाये जा रहे उनके लिए मे न्यायालय में मानहानी का दावा ठोकुगी। जिससे स्वत: ही सिद्ध हो जायेगा की कौन भृष्ट है न.पा. उपाध्यक्ष जी को शहरवासी बहुत अच्छे से जानते हैं।

## जमीन विवाद में भाई ने की छोटे भाई से मारपीट



**गुना, देशबन्धु।** जिले के मृगवास थानांतर्गत ग्राम गूजरखेड़ी में खेत पर घांस पटकने को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई ने मारपीट कर दी। जिसमें छोटा भाई घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी भारत सिंह भील (65) अपने बेटे कमलेश भील के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसका बड़ा भाई रजन सिंह उसके खेत में घांस पटकता था। जब भारत ङ्क्षसह ने अपने बड़े भाई से यहां घांस नहीं पटकने को कहा तो रजन सिंह और उसके बेटे रामविलास भील ने गाली गलौंच कर लाठी–डंडों से उसकी मारपीट कर दी।

मारपीट में घायल हुए भारत ङ्क्षसह को परिजनों ने जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। इधर फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बड़े भाई पर धारा 323, 294, 506 एवं 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

**बीबियों की लड़ाई में भिड़े चाचा–भतीजे :** इधर जिले के आरोन थानांतर्गत ग्राम रिजौदा में पत्नियों की लड़ाई में चाचा–भतीजे भिड़ गए। जिसमें चाचा ने भतीजे के साथ लाठी–डंडों से मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सोनू अहिरवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम उसकी पत्नी रूपबती एवं चाची विमलाबाई ने मुंहवाद हो गया था। जब सोनू खेत से सोयाबीन काटकर घर लौटा तो चाचा राजू अहिरवार ने उसके साथ गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आई सोनू की बहन के साथ भी चाचा ने मारपीट की। फिलहाल पुलिस ने भतीजे की शिकायत पर चाचा पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### बहू-बेटे ने की मां-बाप से मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत बूढ़े बालाजी पर पारिवारिक विवाद में बहू–बेटे ने अपने माता–पिता सामान सास–ससुर पर हमला कर दिया। जिसमें बुजुर्ग ससुर पर के सिर में गंभीर चोटे आई है। जिन्हें परिजनों ने जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया काशी बाई पत्नी राजू कुशवाह का पारिवारिक विवाद अपने बहू–बेटे से चल रहा था। गत दिवस काशीबाई गीले कपड़े लेकर निकल रही थी। इसी दौरान कपड़ों का पानी बहू रानी के ऊपर गिर गया। इसी बात पर बहू रानी सास–ससुर से गाली गलौंच करने लगी। तभी लडक़ा राकेश कुशवाह भी आ गया और पिता के साथ गाली गलौंच कर लाठी–डंडे से मारपीट शुरू कर दी। जिसमें राजू कुशवाह के सिर में चोटें आई है। जिन्हें उनकी बेटी और पत्नी ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



पीड़ित राजू के अनुसार उनका बेटा–बहू आए दिन घर में पारिवारिक विवाद करते हैं। दोनों के बीच कोई बातचीत नहीं होती। बहू ने उन पर झूठा दहेज प्रताडऩा का भी केस लगा रखा है। उक्त मामले में पुलिस ने फरियादिया काशी बाई की शिकायत पर आरोपी बहू एवं बेटे पर धारा 323, 294, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

### झांकी में भजन को लेकर युवक के साथ मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत ग्राम अजगरा में झांकी पर भजन चलाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसमें गांव के तीन युवकों ने एकराय होकर एक युवक के साथ मारपीट कर दी। जिसे घायल अवस्था में पुलिस की डायल–100 ने अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजगरा निवासी विमल मीना गांव में ही लगने वाली झांकी पर गए थे। यहां उनका भजन बजाने को लेकर गांव के ही तीन अन्य युवकों के साथ पहले मुंहवाद और फिर गाली गलौंच हो गई। इस दौरान झांकी पर मौजूद अन्य लोगों ने तत्समय बीच बचाव कर मामला शांत कर लिया। लेकिन रात को जब फरियादी अपने खेत पर जा रहा था तभी पहले से रास्ते में बैठे तीनों युवकों ने टॉमी, सरिया से युवक पर हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों ने डायल–100 को सूचना देकर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। फिलहाल पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी तीनों युवकों पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।



## महाष्टमी पर किया जाएगा महानिशा आरती का आयोजन



**सीहोर, देशबन्धु।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के विश्रामघाट स्थित प्रसिद्ध मरीह माता मंदिर में शक्ति की साधना और उपासना के शारदीय नवरात्र का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यहां पर अल सुबह श्रद्धालुओं के द्वारा हवन पूजन का आयोजन किया जाता है। वहीं प्रतिदिन विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। वहीं महाष्टमी पर महानिशा आरती का आयोजन रात्रि बारह बजे किया जाएगा। मंगलवार को मां चंद्रघंटा की आराधना की जाएगी।

सोमवार को शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मंदिर के व्यवस्थापक रोहित मेवाड़ा, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य ने मां ब्रह्मचारिणी माता की पूर्ण विधि–विधान से पूजा अर्चना की। इस मौके पर पंडित श्री शर्मा ने बताया कि देवी माँ या निर्मल चेतना स्वयं को सभी रूपों में प्रत्यक्ष करती है,और सभी नाम ग्रहण करती है। माँ दुर्गा के नौ रूप और हर नाम में एक दैवीय शक्ति को पहचानना ही नवरात्रि मनाना है। असीम आनन्द और हर्षोल्लास के नौ दिनों का उचित समापन बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक पर्व दशहरा मनाने के साथ होता है। नवरात्रि पर्व की 9 रातें देवी माँ के 9 विभिन्न रूपों को को समर्पित हैं जिसे नवदुर्गा भी कहा जाता है।

उन्होंने बताया कि शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है। आज यानी 16 अक्तूबर को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाएगी। ये मां दुर्गा का दूसरा स्वरूप और नौ शक्तियों में से दूसरी शक्ति हैं। मां दुर्गा का यह स्वरूप ज्योर्तिमय है। ब्रह्मा की इच्छाशक्ति और तपस्विनी का आचरण करने वाली मां ब्रह्मचारिणी त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। इनकी उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। साथ ही कुंडली में मंगल ग्रह से जुड़े सारे दोषों से मुक्ति मिल जाती है। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से सभी कार्य पूरे होते हैं, रुकावटें दूर होती हैं और विजय की प्राप्ति होती है। इसके अलावा जीवन से हर तरह की परेशानियां भी खत्म होती हैं।

### वरिष्ठ सर्राफा व्यापारी अशोक कासलीवाल का निधन

**आष्टा, देशबन्धु।** दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ एवं सर्राफा व्यापारी अशोक कासलीवाल का लंबी बीमारी के पश्चात् निधन हो गया। स्वर्गीय अशोक कासलीवाल मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। वे आष्टा सहित आसपास के क्षैत्रों में भाईजी सेठ के नाम से प्रख्यात स्वर्गीय फूलचंद कासलीवाल भाईजी सेठ के ज्येष्ठ पुत्र थे। स्वर्गीय अशोक कासलीवाल की शव यात्रा उनके निवास स्थान नगरगंज से निकाली गई, जिसमें सैकडो की तादात में उनके प्रशंसक एवं रिश्तेदार सम्मिलत हुए। उनके ज्येष्ठ पुत्र मोहित कासलीवाल एवं छोटे पुत्र सुमित कासलीवाल सहित परिवारजन् ने मुखाग्नि दी। उनकी शवयात्रा में प्रदेश कांग्रेस महामंत्री एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान, कैलाश सोनी जयश्री, लोकेन्द्र बनवट, नरेन्द्र गंगवाल, अजीत कुमार जैन, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रदीप प्रगति, राजेश बनवट, पूर्व पार्षद सुनिल सेठी, प्रेम कुमार राय, सहित सैकडोजन सम्मिलत हुए।



## गरीबों मे वितरित होने वाले चावल से भरा ट्रक जब्त

**आष्टा, देशबन्धु।** नगर की ए क्लास की कृषि उपज मंडी को किस तरह से बिचौलियो ने अलीपुर मे एक तरह से अवैध उपमंडी बना दी है। यहां आए दिन सैकड़ो क्विंटल किसानो की उपज अवैध तरीके से खरीदी जाती है। आधे दर्जन के लगभग इन बिचौलियो ने मंडी प्रशासन को चुनौति देते हुए अपने अवैध कारोबार को रातोरात बड़ावा दे रहे है। वही अलीपुर सहित नगर के आस पास रोडो पर दर्जनो जगह न हींग लगे न फिटकरी रंग आए चौखे की तर्ज पर सबकुछ तय है। तो फिर भय किस बात का । इसलिए इन बिचौलियो के पास न तो लाइसेस है। और न ही नियम अनुसार कांटे बांट भी यह पत्थर के बनाते है। क्या प्रशासन ऐसे बिचौलियो पर समय रहते कार्यवाही करेगा। एक बार फिर अलीपुर में शासकीय दुकानो का चावल से भरा हुआ मिली ट्रक पार्वति पुलिस ने पकड़ा। खाद्य विभाग को सौपा। थाना प्रभारी केजी शुक्ला ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि गरीबो मे वितरण होने वाला शासकीय कंट्रोल का चावल मिनी ट्रक क्रमाक एमपी 09 जीएच 2408 मे भरकर कही जा रहा था। इसी सूचना पर तत्काल श्री शुक्ला दलबल सहित मौके पर पहुचे। और घेराबंदी कर उक्त मिनी ट्रक को जब्त किया वही मौके से वाहन चालक कमल को पकड़ा है। ट्रक खाद्य अधिकारी के सुपुर्द किया है। आगे की कार्यवाही वो करेगे। मौके पर खाद्य अधिकारी पहुच गई है। समाचार लिखे जाने कार्यवाही जारी थी।



## विधायक सुदेश राय ने किया क्षेत्रवासियों के साथ जनसंपर्क



**सीहोर, देशबन्धु।** सीहोर विधानसभा में लगातार 10 सालों से विकास करने वाले भाजपा उम्मीदवार विधायक सुदेश राय ने लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क कर रहे है। सोमवार को सुबह उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में घर–घर जाकर जनसंपर्क किया वहीं शाम को उन्होंने शहर के वार्ड क्रमांक चार, आठ और हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में पहुंचकर जनता का आशीर्वाद प्राप्त कर आगामी 17 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर सोमवार को सुबह अपने जनसंपर्क की शुरूआत उन्होंने सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पथरिया से की। इसके पश्चात मगरर्दा जैटला, कोलूखेडी, गढ़ीबगराज, हीरापुर, पंदा और पडियाला आदि ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर जन आशीर्वाद प्राप्त किया।

ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे विधायक श्री राय ने कहा कि भाजपा सभी के विकास और सबके विश्वास के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं पर अमल कर रही है। महिलाओं के लिए प्रदेश सरकार ने अनेक कल्याणकारी योजना चलाई है। जिसका लाभ कन्याओं, युवतियों, महिलाओं को मिल रहा है। श्री राय ने कहा कि वह जनता की सेवा करने में विश्वास रखता हूं। हमेशा जन सेवक के रूप में क्षेत्र में जब सुलभ रहता हूं। सभी के सुख–दुख में शामिल होना मेरा प्रथम दायित्व है। हमेशा राजनीति से ज्यादा सेवा नीति पर विश्वास करता हूं। जनता के सम्मान की सुरक्षा व जनसेवा करना ही सच्ची राजनीति है। भाजपा उम्मीदवार श्री राय के साथ बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता शामिल थे। इस दौरान विधायक सुदेश राय ने मगरदा, पाडिया में सभाओं को संबोधित किया। अनेक स्थानों पर विधायक श्री राय का ग्रामीण और शहरी लोगों ने स्वागत किया।

## स्वीप गतिविधि : चांचौड़ा में रंगोली, रैली एवं मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए किया प्रेरित

*गुना, देशबन्धु। स्वीप गतिविधियों के तहत सोमवार को विधानसभा चांचौड़ा में स्वीप की टीम द्वारा एक्सीलेंस स्कूल बीनागंज में विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर, रंगोली, रैली, विधानसभा के मैप की मानव श्रृंखला बनाना एवं शपथ का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य के रूप में आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका एवं नगर पालिका चांचौड़ा के वार्ड प्रभारी उपस्थित रहे।*



***माड्रन स्कूल में नुक्कड़ सभा आयोजित :*** *इसी क्रम में आज मतदान केंद्र क्र. 84, माड्रन हा. से. स्कूल गुना में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्वीप सदस्य गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव ने उपस्थित जन को समझाया कि आने वाले माह नवम्बर की 17 तारीख को विधान सभा का मतदान होना है। हम सभी का कर्तव्य है कि उस दिन, अपने मतदान केंद्र पर अवश्य जायें।*

*प्रत्येक व्यक्ति अपना मतदान अवश्य करे। परिवार का कोई भी व्यक्ति इससे वंचित न रहे। हमारा यह भी दायित्व है कि अपने परिचित, पड़ौसियों को भी मतदान हेतु प्रेरित करें। सभा में "अपने कर्तव्य का रखें ध्यान, 17 नवम्बर को करें मतदान." तथा "सारे काम छोड दो, सबसे पहले वोट दो. नारे लगाये गये। इस अवसर पर नोडल अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव, स्वीप के अवधेश अवस्थी, राजेंद्र कुमार साहू, संजय सोनी, राशिद फारूकी, बीएलओ अरविंद कुमार शर्मा, महेंद्र कनवजिया, आर.के. वजैया सहित मतदाता उपस्थित थे.*

***आरोन में साइकिल रैली आयोजित :*** *जबकि नगर परिषद आरोन द्वारा नगर के मुख्य मार्गो पर साइकिल रैली निकाली गई। जिसे सीएमओ दिनेश कुमार सोनी द्वारा हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया गया।*

*रैली के दौरान अनिवार्य मतदान की शपथ भी दिलाई गई साथ ही अधिक से अधिक मतदान करने हेतु अपील की गई। उक्त स्वीप गतिविधि में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य, स्कूल स्टाफ, विद्यार्थी, बीएलओ,वार्ड प्रभारी, समस्त स्टाफ एवं नगरवासी उपस्थित रहे।*

# कारों की भिड़ंत में महिला समेत 2 की मौत

## 6 बहनो का इकलौता भाई था दूसरा मृतक


साधना गौर


आकश पासवान

**भोपाल, देशबन्धु।** सूखीसेवनिया इलाके में इमलिया जोड़ पर दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में रेलवे की सेवानिवृत्त महिला कर्मचारी समेत दो लोगों की मौत हो गई। दूसरा मृतक 6 बहनो का इकलौता भाई था। यह हादसा ईंटखेड़ी से सूखीसेवनिया की तरफ जाने वाली कार के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद सामने से आ रही कार से भिड़ने के कारण हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी है।

सूखीसेवनिया पुलिस के मुताबिक पटेल कालोनी छोला मंदिर निवासी 21 वर्षीय आकश पासवान अपने दोस्त हरिओम के साथ ऑल्टो कार से सूखीसेवनिया की तरफ जा रहा था, जबकि दूसरी स्विफ्ट कार में सवार विजय नगर इंदौर निवासी 62 वर्षीय साधना गौर अपने 28 वर्षीय बेटे हिमांशु के साथ सफर कर रही थीं। आकाश पासवान की कार इमलिया जोड़ पर पहुंची, उसी समय कार अनियंत्रित होकर मार्ग विभाजक से टकराई और उसे पार करते हुए, दूसरी तरफ से आकर रही साधना गौर की कार से भिड़ गई। दोनों कारों की रफ्तार काफी तेज थी। इस हादसे में आकाश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी कार में सवार साधना गौर को गंभीर घायलावस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज करने के साथ ही हमीदिया अस्पताल में सोमवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए। इसके बाद साधना केपरिजन शव को लेकर इंदौर के लिए रवाना हो गए थे, जबकि आकाश का अंतिम संस्कार भोपाल में किया गया। वह 6 बहनों का इकलौता भाई था। उसकी मौत के बाद से परिजन गहरे सदमें में है।

उधर जांच अधिकारी एसआइ सीताराम लोवंशी ने बताया कि साधना गौर रेलवे में थीं। सेवानिवृत्त होने के बाद इंदौर रह रही थीं। वे ससुर के श्राद्ध में शामिल होने के लिए बेटे हिमांशु के साथ इंदौर से भोपाल आई थी। श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह वापस इंदौर लौट रही थी। उनकी कार को बेटा हिमांशु चला रहा था। इस हादसे में हिमांशु और हरिओम घायल है। दोनों को भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से हिमांशु के परिजनों ने उसे इलाज के लिए इंदौर के एक अस्पताल ले गए हैं। हिमांशु इंदौर में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। उसके दो बड़े भाई आकाश और आलोक हैं। दोनों विवाहित हैं। साधना छोटे बेटे हिमांशु की शादि के लिए लड़की तलाश रही थीं।

# महिला बैंक कर्मी ने शादी की वर्षगांठ के दिन लगाई फांसी

## समय पूर्व प्रसूति होने से थी अवसाद में



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में एक महिला बैंक कर्मी ने अपनी शादी की वर्षगांठ के दिन फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया गया है कि बैंक कर्मी समय पूर्व प्रसूति होने के बाद से अवसाद में थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रीति तिग्गा पत्नी डेविड खाखा उम्र 36 वर्ष सुरभि होम्स अवधपुरी यूनियन बैंक में लिपिक के पद पर पदस्थ थीं। इन दिनों वह अवकाश पर चल रही थीं। सोमवार को उनकी शादी की वर्षगांठ थी। लेकिन आज सुबह ही उन्होंने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना का पता लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि प्रीति के दो बेटे स्टीफ उम्र 3 वर्ष और ऑस्टिन हैं। प्रीति ने 6 महीने पहले ऑस्टिन को जन्म दिया था। लेकिन उसकी समय से पहले प्रसूति हुई थी। इसके बाद से ही वह अवसाद में चली गई। उसका अनुमान था कि समय से पहले प्रसूति होने के कारण बेटा नाटा रह जाएगा। यही वजह है कि प्रसूति के बाद से ही वह इस तरह के मामले वाले बच्चों के वीडियो यू ट्यूब पर देखा करती रहती थी और अक्सर नकारात्मक बातें करती थी। संभवतः इसी तनाव में उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। फिलहाल मर्ग दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद ही खुदकुशी के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### पत्र में लिखा- कुछ नहीं बचा, हालात से हार चुकी हूं

प्रीति के पति डेविड ने बताया कि वह मूलतः जबलपुर का रहने वाले है और सीएजी में ऑडिट डिपार्टमेंट में पदस्थ है। वर्ष 2016 में उनकी मुलाकात प्रीति से हुई थी। इसके बाद दोनों एक साल तक आपसी संबंध में रहे और 16 अक्टूबर 2017 में शादी कर ली थी। डेविड का कहना है कि पुलिस को प्रीति के पास एक पत्र मिला है, जिसे पुलिस द्वारा जब्त कर लिया गया। प्रीति ने पत्र में लिखा था कि आगे मेरे लिए कुछ नहीं बचा है। हालात से हार चुकी हूं। जब मुझे दुआओं की जरूरत थी, तब मुझे दवाओं के सहारे रखा गया। इस कारण मेरी प्रसूति समय से पूर्व हो गई और बेटा कमजोर रह गया। डेविड मेरे बच्चों का ख्याल रखना।

# युवक की गर्दन पर चाकू रखकर एक लाख का माल लूटा

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के छोला मंदिर थाना क्षेत्र में तीन बदमाशों ने एक युवक की गर्दन पर चाकू अड़ाकर सोने की चेन-लाकेट और 12 सौ रुपये समेत करीब एक लाख का माल लूट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। हालांकि पीड़ित ने उनका पीछा किया, लेकिन आरोपी उसके हाथ नहीं आए। वारदात के बाद फरियादी ने थाने पहुंच कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कराया।

छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक पिपरई जिला अशोक नगर निवासी आनंद कुर्मी उम्र 27 वर्ष प्राइवेट नौकरी करता है। वह रविवार को अशोक नगर से भोपाल आने के लिए एक ट्रेन में सवार हुआ था। वह छोला मंदिर इलाके में रहने वाली अपनी बहन से मिलने आ रहा था। शाम करीब चार बजे जब ट्रेन आटउर पर रुकी तो वह ट्रेन से उतर गया और पैदल विदिशा रोड की ओर जाने लगा। तभी कैंची छोला रेलवे पटरी के पास उसे तीन अज्ञात युवकों ने रोक लिया। इस दौरान एक युवक ने उसके हाथ पकड़े और दूसरे ने गर्दन पर चाकू अड़ा दिया, जबकि तीसरे ने उसके गले से सोने की चेन-लाकेट और जेब में रखे 12 सौ रुपये नकदी समेत एक लाख रुपये का माल लूट लिया। इस दौरान विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट भी कर दी। लूटपाट की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग खड़े हुए। तीनों आरोपी अलग-अलग दिशों में भागे तो फरियादी ने उनमें से एक का छोला दशहरा मैदान तक पीछा किया, लेकिन आरोपी उसे चकमा देकर फरार हो गया। इसके बाद वह अपनी बहन के घर पहुंचा। जहां से रात में थाने पहुंच कर वारदात की सूचना दी और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कराया है। अब पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# नाले किनारे झाड़ियों में बना रहे थे कच्ची शराब, धराए



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में अवैध शराब की बिक्री पर लगाम लगाने के लिए आबकारी अमले द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत आबकारी विभाग की अलग-अलग टीमों ने शहर के नई बस्ती गांधी नगर, कजलीखेड़ा, कालापानी और बोन्दाखे और डोलीउमर समेत एक दर्जन क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई कर अवैध शराब को पकड़ा। इस दौरान आबकारी अमले ने साढ़े 6 सौ लीटर हाथभट्टी शराब के साथ लगभग 7 हजार किलो महुआ लाहन बरामद किया। नई बस्ती गांधी नगर में आरोपी नाले के किनारे झाड़ियों के बीच छिपकर हाथभट्टी शराब बना रहे थे।

आबकारी कंट्रोलर राजेंद्र जैन ने बताया कि गांधी नगर में पारदी समुदाय के लोगों ने हाथ भट्टी में शराब बनाकर कुप्पियों और ड्रमों में भरकर जमीन में गाड़ रखी थी। यहीं झाड़ियों के बीच शराब बनाने के लिए हाथ भट्टियां भी लगाई गई थी। अमले ने गोंडीपुरा नई बस्ती में दबिश देकर 230 लीटर हाथ भट्टी शराब और 2 हजार कलो लाहन बरामद किया है। मौके पर मौजूद तीन महिलाओं सहित 8 लोगों पर प्रकरण दर्ज किए हैं। इसी तरह कजलीखेड़ा और कालापानी से 417 लीटर हाथ भट्टी शराब और लगभग 5 हजार किलो महुआ लाहन बरामद किया गया है। यहां मौजूद 10 लोगों पर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए।

उधर बरखेड़ा पठानी में अवैध शराब की बिक्री पर लगाम लगाने के लिए आबकारी अमले ने दो जगहों पर एक साथ छापामार कार्रवाई कर देशी-विदेशी शराब बरामद की। यहां के एन2ई सेक्टर निवासी हरिलाल चौरसिया के पास से 58 लीटर देशी-विदेशी शराब बरामद की गई। श्याम नगर निवासी कांता यादव के पास से भी 35 चार्टर शराब बरामद की गई। विभाग द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई है।

# ऑटो में घूम रहा चोर गिरफ्तार

## चोरी का 2 लाख रुपए का माल जब्त

**भोपाल, देशबन्धु।** अयोध्या नगर थाना इलाके की एक चोरी के मामले में फरार बदमाश को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। बदमाश ऑटो में सवार होकर चोरी की अन्य वारदात को अंजाम देने के लिए जा रहा था। लेकन मुखबिर की सूचना पर उसे घेराबंदी कर धर दबोचा गया। आरोपी की निशानदेही पर उसके घर में चोरी का माल बरामद किया है। बरामद माल की कीमत दो लाख रुपए बताई जा रही है।

एसीपी सुजीत तिवारी ने बताया कि इसी साल अयोध्या नगर इलाके में स्थित एक घर में बड़ी चोरी हुई थी, जिसमें लाखों रुपए का माल चोरी हुआ था। घटना स्थल पर मिले अंगुली चिन्ह से चोर की पहचान इलियास खान निवासी स्टेशन बजरिया के रूप में की गई चूंकि इलियास पूर्व में भी कई चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका था। जिसका रिकार्ड क्राइम ब्रांच के पास मौजूद था। लिहाजा क्राइम टीम उसकी तलाश में जुटी थी। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात सूचना मिली कि इलियास ऑटो में सवार होकर पिपलानी पेट्रोल पंप के पास से जेके रोड की ओर जा रहा था। इस पर क्राइम ब्रांच पुलिस ने उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अयोध्या नगर इलाके में जा रहा था। जहां सूने मकानों में चोरी करने की योजना थी। पूछताछ में उसने अयोध्या की ही पुरानी चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। उसने बताया कि चोरी का माल अपने घर में छिपा रखा है। इस पर क्राइम ब्रांच की टीम ने अयोध्या पुलिस के साथ उसके घर से चोरी के माल को बरामद किया है, जिसमें जेवरात सहित नकदी शामिल है। बरामद माल की कुल कीमत करीब 2 लाख रुपए है।

विधानसभा चुनाव

## ईवीएम और वीवीपैट के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन - 2023 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह की देखरेख में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कंप्यूटरीकृत प्रणाली से ईवीएम और वीवीपेट के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष ढंग से कंप्यूटर प्रणाली के माध्यम से मशीनों का रेंडमाइजेशन किया जाता है। भोपाल की 7 विधानसभाओं के लिये एफएलसी की गई 2375 वीयू एवं सीयू और 2574 वीवीपेट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान मशीनों की विधानसभा अनुसार सूची तैयार की गई। किस विधानसभा के लिए कौन सी ईवीएम एवं वीवीपेट मशीन जाएगी और किस विधानसभा के लिए कौन सी ईवीएम एवं वीवीपेट रिजर्व रहेगी का रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, एडीएम प्रकाश सिंह चौहान, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय सहित आरओ, एआरओ उपस्थित रहे।

## निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रशिक्षण संपन्न

विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए विधानसभावार गठित एईओ, अकाउंट टीम, विएसटी, वीवीटी, एफएसटी, एसएसटी टीमों के व्यय लेखा का प्रशिक्षण कार्यक्रम एक्सपेंडिचर नोडल अधिकारी श्रीमती निधि चौकसे एवं वित्त विभाग के डिप्टी डायरेक्टर श्री अश्विनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित एईओ, अकाउंट टीम, विएसटी, वीवीटी, एफएसटी, एसएसटी टीमों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप पूरी निर्भीकता से कार्य करना है। प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लेते हुए सभी नियमों से सुपरिचित होकर सौंपे हुए कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिये भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप गठित विभिन्न दलों जैसे फ्लाइंग स्कवॉड, वीडियो सर्विलांस टीम, स्थिर जांच दल आदि के कार्यों तथा संबंधित नियमों की विस्तार से जानकारी देते हुए प्रशिक्षुओं के प्रश्नों/जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

## लायसेंस निलंबित, शस्त्र तत्काल जमा कराने निर्देश

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने विधानसभा निर्वाचन कीआदर्श आचरण संहिता लागू हो जाने पर जन सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन हेतु जिले के सभी शस्त्र लायसेंस निलंबित करते हुए शस्त्र को एक सप्ताह में जमा करवाने के आदेश दिए है। श्री सिंह ने आयुध अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित किये है। उन्होंने आदर्श आचार संहिता प्रभावशील रहने तक शस्त्र जमा कराये जाने एवं आवश्यकतानुसार छूट प्रदान करने के सम्बंध में भी निर्देश जारी किए है।

# सिंधी पंचायत के 25 सदस्यीय फैसला बोर्ड का गठन



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों की बैठक पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी की अध्यक्षता में पंचायत कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में पंचायत के 25 सदस्यीय फैसला बोर्ड का गठन किया गया।

पंचायत के महासचिव माधू चांदवानी ने बताया कि फैसला बोर्ड में व्यापारिक संस्थाएं, सामाजिक संस्थाएं, राजनेतिक व समाजसेवियों को शामिल किया गया है। जिसमें सुशील कुमार वासवानी, नरेश ज्ञानचंदानी, त्रिलोक दीपानी, कमल वीधानी, घनश्याम लालवानी, डॉ अर्जुनदास मंगतानी, मूलचंद वीधानी, महेश खटवानी, शेटटी चंदनानी, व्यापारिक संस्थाओं से थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के अध्यक्ष कन्हैया इसरानी, बर्तन एसोसीएशन के रामचंद मूलचंदानी, सर्राफा एसोसीएशन के नरेश तोलानी, किराना एसोसीएशन के होतचंद शाहानी, होटल एसोसीएशन से किशन अच्छानी, तेल एंड दाल मिल एसोसीएशन से जगदीश आसवानी, हार्डवेयर एसोसीएशन से रतन तनवानी, सब्जी मण्डी एसोसीएशन से हिम्मत लधानी, सामाजिक संस्थाओं से नव युवक सभा से विष्णु गेहानी, सिंधु समाज से मोहनलाल चंदनानी, संस्कार स्कूल से बसंत चेलानी, सिंधु नवजागरण समिति से राम पारदासानी, साधु वासवानी एज्यूकेशन सोसायटी से दयाल डेटानी, झूलेलाल मंदिर से दिनेश वाधवानी, स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला ट्रस्ट से आसनदास वाधवानी, रेलवे संघर्ष समिति से परसराम आसनानी, झूलण कल्याण मण्डल से राज वाधवानी शामिल है।

### कांग्रेस अध्यक्ष का माना आभार

बैठक में अध्यक्ष साबू रीझवानी ने बताया कि पंचायत ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा व कांग्रेस से ज्ञापन सौंपकर 5-5 सीटे सिंधी समाज को देने की मांग की जिस पर कांग्रेस ने सिवनी व इंदौर से सिंधी समाज को टिकिट दिया है, जो खुशी की बात है। आशा है कि भाजपा भी कम से कम दो क्षेत्रो में सिंधी समाज का उम्मीदवार बनाएगी। 2 सीट पर सिंधी उम्मीदवार बनाए जाने पर पंचायत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का आभार माना है। बैठक में भरत आसवानी, नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, माधू चांदवानी, मोहन मीरचंदानी, जेठानंद मंगतानी, गुलाब जेठानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी आदि उपस्थित थे।

## दीपिका सक्सेना का आलेख नंदीघोष में हुआ प्रकाशित

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती दीपिका सक्सेना का आलेख मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर केंद्रित मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 का क्रियान्वयन विषय पर आधारित स्मारिका नंदीघोष में प्रकाशित हुआ। श्रीमती दीपिका ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 की भावनाए, दृष्टि, लक्ष्य पर अपना आलेख लिखा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने दीपिका की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय छात्राओं के साथ प्राध्यापिकाओ को भी एक मंच प्रदान करता है जिससे कि उनका कौशल विकास हो सके। महाविद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर श्रीमती दीपिका को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई ।

# एलएनसीटी विवि में हुआ शौर्य गाथा का आयोजन


एनसीसी कैडेट्स को किया गया पुरस्कृत

**भोपाल, देशबन्धु।** कोलार रोड एलएनसीटी विश्वविद्यालय में शौर्य गाथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के गैलंट्री अवॉर्ड विजेता रिटायर्ड कर्नल ओपी मिश्रा ने एनसीसी कैडेट्स को उनके च्बी और सीज सर्टिफिकेट्स तथा अन्य उल्लेखित कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र, शील्ड तथा मेडल भी प्रदान किए गए।

इस अवसर पर कर्नल मिश्रा ने अपने तथा आर्टिलरी डिवीजन के योगदान का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने छात्रों एवं एनसीसी कैडेट के सामने विषम परिस्थितियों में अपने कर्तव्य पालन तथा देश सेवा का मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ नरेंद्र कुमार थापक ने की। उन्होंने कैडेट्स को एनसीसी में चयनित होने पर बधाई दी। साथ ही नए देश सेवा के लिए सदैव तत्पर एवं अग्रणी रहने हेतु छात्रों का आवाहन किया कार्यक्रम के अंत में एनसीसी अधिकारी कैप्टन पीयूष नेमा ने एलएनसीटी विश्विद्यालय के प्रबंधन का आभार व्यक्त किया साथ ही उन सभी महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक इकाईयों के निदेशकों,प्राचार्यों का अभिवादन किया जिनके छात्रों ने कैडेट्स के रूप में विश्विद्यालय का नाम रोशन किया है। विश्विद्यालय के कुलाधिपति जय नारायण चौकसे, डॉ अनुपम चौकसे एवं कुलसचिव डॉ अजीत कुमार सोनी ने छात्रों को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए बधाई दी।

## अनुपम गुजरे बने मैन ऑफ द सीरीज

**भोपाल, देशबन्धु।** मथुरा उत्तर प्रदेश में आयोजित हुए सॉफ्ट क्रिकेट राष्ट्रीय प्रतियोगिता अंडर 19 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश की टीम ने तमिलनाडु को 10 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी तमिलनाडु टीम 8 ओवरों में मात्र 56 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमे मध्य प्रदेश की ओर से ऋतिक और अनुपम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 - 3 विकेट, तरुण एवं सागर ने 2 - 2 विकेट लिए। जवाब में मध्य प्रदेश की ओर से नीरज 30 रन, प्रीत 25 रन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश टीम मात्र 5 ओवरों 10 विकेट से जीत दिला दी। मध्य प्रदेश की टीम के कैप्टन एलएनसीटी विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर के अनुपम गुजरे को प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने पर मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। टीम मे अनुपम गुजरे नीरज पंडोले, प्रीत महाले, ऋतिक झंभूरे, पीयूष बोखरे, तरुण घावरी, दिव्यांश यादव, स्वयं मेहरा, सागर, रोहित पवार, मुकेश, हर्षित जैन, कोच विशाल यादव शामिल थे। सभी खिलाड़ियों को एलएनसीटी ग्रुप सचिव डॉ. अनुपम चौकसे, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता, वाइस चांसलर डॉ. एनके थापक, रजिस्ट्रार डॉ. अजीत सोनी, डीन डॉ. अशोक राय, स्पोर्ट्स डायरेक्टर पंकज जैन ने शुभकामनाएं दी।

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रं. एच-3/72 मंडल द्वारा श्री सुभाष चंद्र अवस्थी आत्मज स्व.श्री सी.एम. अवस्थी के नाम हस्तांतरण आदेश क्रं. 5700 दिनांक 04.08.2023 जारी है एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 26.12.2020 पंजीकृत है। सह स्वामीकर्ता श्री सुभाष चंद्र अस्वथी आत्मज स्व. श्री सी.एम. अवस्थी एवं सह स्वामत्विग्रहिता सुश्री रिया अवस्थी पुत्री श्री सुभाष चंद्र अवस्थी द्वारा सह स्वामित्व विलेख दिनांक 11.02.2022 की पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र एवं परिचय पत्र प्रस्तुत करते हुये उक्त भूखण्ड सह स्वामीकर्ता श्री सुभाष चंद्र अवस्थी आत्मज स्व.श्री सी.एम. अवस्थी एवं सह स्वामित्वग्रहिता सुश्री रिया अवस्थी पुत्री श्री सुभाष चंद्र अवस्थी के संयुक्त नाम से हस्तांतरण करने हेतु निवेदन किया गया है। जो इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल में स्थित भूखण्ड भवन क्रं. एच-2/487 मंडल द्वारा श्री प्रकाश चंद्र जैन आत्मज श्री शांतिलाल जैन के नाम हस्तांतरण आदेश क्रं. 10189-95 दिनांक 29.09.1997 को जारी है। एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 19.03.1999 को पंजीकृत है। स्व. श्री प्रकाश चंद्र जैन का स्वर्गवास दिनांक 27.05.2015 को हो जाने के कारण श्रीमती लक्ष्मी जैन पत्नी स्व. श्री प्रकाश चंद्र जैन द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र, एवं श्री समरेन्द्र जैन आत्मज स्व. श्री प्रकाश चंद्र जैन एवं श्री सोनल जैन आत्मज स्व. श्री प्रकाश चंद्र जैन का सहमति पत्र प्रस्तुत करते हुये भूखंड/भवन क्रं. एच-2/487 अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल को अपने नाम नामांतरण करने हेतु निवेदन किया गया है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक एल.आई.जी. 657 (डुप्लेक्स) मंडल द्वारा श्री दीपक कुमार बोबड़े आत्मज श्री भोलानाथ बोबड़े एवं श्रीमती शिल्पा बोबड़े पत्नी श्री दीपक कुमार बोबड़े के संयुक्त नाम पर आवंटित किय गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 26.03.2014 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र एवं मंडल प्रारुप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति 1. श्री विजय पटेल आत्मज श्री मुन्नालाल पटेल, 2. श्री मुन्नालाल पटेल आत्मज श्री झुन्नेलाल एवं 3. श्रीमती फूलबाई पत्नी श्री मुन्नालाल पटेल के संयुक्त नाम हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 24.06.2022 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति 1. विजय पटेल आत्मज श्री मुन्नालाल पटेल, 2. श्री मुन्नालाल पटेल आत्मज श्री झुन्नीलाल एवं 3. श्रीमती फूलबाई पत्नी श्री मुन्नालाल पटेल के संयुक्त नाम पर हस्तांतरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर लिखित रुप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

भोपाल, मंगलवार 17 अक्टूबर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# जलवायु परिवर्तन: बच्चों के छूटते स्कूल

लगभग तीन दशकों से अंतरराष्ट्रीय मंचों से इस बात पर गहन चिंता प्रकट हो रही है कि जलवायु परिवर्तन का तमाम देशों के लोगों पर बहुत ही विपरीत असर पड़ रहा है। शायद ही ऐसा कोई वर्ग हो जो इससे प्रभावित न हो रहा हो। लोगों के सामने यह साफ है कि जिस तेजी से दुनिया की जलवायु में बदलाव हो रहा है उसके चलते कुछ समय के बाद कई शहरों और इलाकों के सामने उनके अस्तित्व का ही संकट खड़ा हो जायेगा। लोगों के पलायन, विस्थापन और पुनर्वास का मसला बहुत बड़ा रहेगा। पहाड़ी क्षेत्र हों या मैदानी, समुद्र तट के इलाके हों या फिर रेगिस्तानी, जलवायु परिवर्तन के असर से शायद ही कोई अछूता रह सकेगा। स्वाभाविक है कि ऐसे क्षेत्रों में रहने वालों के सामने कोई अन्य विकल्प नहीं रह जायेगा कि वे प्रभावित क्षेत्रों को छोड़कर अन्यत्र आसरा लें। अपने मूल स्थानों को छोड़ने से किस तरह से अन्य संकट मानव जीवन में आते हैं, यह अब दुनिया भर में देखा जा रहा है। कटते जंगलों या डूबते तटीय इलाकों को छोड़कर जाने वालों के सामने रोजी-रोटी के संकट से लेकर अपने जीवन को फिर से व्यवस्थित करने की बड़ी चुनौती होती है। नयी जगह पर खुद को ढालना मुश्किल होता है, यह भी सब जानते हैं।

जलवायु परिवर्तन का जो असर मानव जीवन पर होगा, उसके विभिन्न पहलुओं पर गहन अध्ययन दुनिया भर के वैज्ञानिक, समाजशास्त्री एवं अन्य विधाओं के लोग कर रहे हैं। विभिन्न शोध एवं विश्वविद्यालयीन अध्ययन अनेक तरह के निष्कर्ष लेकर सामने आए हैं। ऐसे सभी शोध मनुष्य के भविष्य को लेकर भयावह तस्वीरें बयां करते हैं। प्रभावित लोगों के समक्ष आजीविका से लेकर सांस्कृतिक नुकसानों तक की चर्चा होती है। लगभग हर वर्ष अनेक शासकीय व अशासकीय स्तर पर कार्यरत संस्थाएं और संगठन इस विषय पर सभा-सम्मेलन आयोजित करते हुए इस दिशा में अनेक प्रकार के उपाय सुझाते हैं। राष्ट्र संघ की भी चिंताओं में यह विषय शामिल है। फिर भी इसमें बहुत कामयाबी मिलती नहीं दिखाई दे रही है। विभिन्न कारणों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना जलवायु परिवर्तन को रोकने में बहुत सहायक हो सकता है परन्तु ज्यादातर देश इस लक्ष्य को पाने में नाकाम रहे हैं।

इसी क्रम में आई एक नयी रिपोर्ट बतलाती है कि ग्लोबल वार्मिंग का एक बहुत बड़ा असर दुनिया भर के बच्चों पर हो रहा है। यूनिसेफ की ताज़ा रिपोर्ट बतलाती है कि जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली बाढ़, तूफान, सूखा व जंगलों की आग के कारण हर रोज 20 हजार बच्चे स्कूल छोड़ने के लिये मजबूर हो रहे हैं। 44 देशों में हुए इस अध्ययन के आधार पर तैयार रिपोर्ट के अनुसार 2016 से 2021 के बीच 4.31 करोड़ बच्चों को शालाएं छोड़नी पड़ीं। अकेले हो या सपरिवार, विस्थापन के चलते भारत, चीन और फिलीपींस में ही 2.23 करोड़ विद्यार्थियों ने पढ़ाई छोड़ दी। बाढ़ व तूफान प्रमुख कारण रहे हैं। अनुमान व्यक्त किया गया है कि जिस तरह से मौसम का बदलाव जारी है, 30 वर्षों में 10 करोड़ से ज्यादा बच्चे केवल इन्हीं कारणों से शालाएं छोड़ देंगे। डोमिनिका, वानुआतु जैसे छोटे द्वीपीय देशों में रहने वाले बच्चे तूफान से सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। दूसरी तरफ, जहां बाढ़ ने बच्चों का जीवन तहस-नहस किया. उनमें सोमालिया व सूडान सबसे ऊपर हैं। सूखे के कारण 13 लाख और जंगलों में लगने वाली आग से 8 लाख से अधिक बच्चे विस्थापित हुए जिसके कारण उनके स्कूल छूटे हैं। कनाडा, इज़रायल तथा अमेरिका में सबसे ज्यादा ऐसी आगजनी हुई है। रिपोर्ट यह भी कहती है कि दुनिया भर के बच्चों को अच्छी तरह से पढ़ाने के लिये और भी 4.5 करोड़ शिक्षकों की आवश्यकता है।

बच्चों को लेकर प्रकाशित हुई यह रिपोर्ट केवल जलवायु परिवर्तन के सन्दर्भ में है। गरीबी, बेरोजगारी, अकाल, भूकम्प, युद्ध, दंगे, सरकारी उत्पीड़न, पलायन, अलगाववादी या आतंकी संगठनों चलाये जाने वाले अभियानों के तहत होने वाली कार्रवाइयों जैसे और भी अनेक कारण होते हैं जिनसे बच्चों की पढ़ाई छूटती है। इज़रायल-फिलीस्तीन युद्ध को ले लें या फिर भारत के मणिपुर को देखें, तो बच्चों की पढ़ाई पर इसका असर हो रहा है। कुछ राज्यों में माओवादियों द्वारा स्कूल या तो बर्बाद किये जाते रहे हैं या उनकी दहशत के कारण लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजना बन्द कर देते हैं।

ऐसे स्थलों से होने वाले पलायन के कारण बच्चों की शालाएं पीछे रह जाती हैं। ग्रामीण इलाकों में अकाल पड़ने पर परिवारों के सामने आजीविका सम्बन्धी संकट आ खड़ा होता है फलत: वे पलायन कर जाते हैं। शहरी क्षेत्रों में उन्हें रोजगार तो मिल जाता है लेकिन वे बच्चों की शिक्षा जारी नहीं रख पाते या छूट चुकी पढ़ाई को पुन: प्रारम्भ नहीं कर पाते। वे जगह-जगह काम के लिये घूमते रहते हैं। इसके चलते उनके लिये सम्भव नहीं रह जाता कि बच्चों को कोई स्थायी स्कूल प्रदान करा सकें। ऐसे एक नहीं बहुतेरे कारण होते हैं जिनके चलते बच्चों को उनके स्कूल व अध्ययन को छोड़ना पड़ता है। कारण जो भी हो, जलवायु परिवर्तन का बच्चों की शिक्षा पर होने वाले असर के बहाने से ही सही, सभी देशों की सरकारों के लिये यह इस निश्चय को दोहराने का अवसर है कि बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के व्यवधान दूर हों। एक आधुनिक व सभ्य समाज के निर्माण में शिक्षा की भूमिका व योगदान को बतलाये जाने की ज़रूरत नहीं है। इसलिये सारी सरकारें और विश्व मंच इस मुद्दे पर गम्भीरतापूर्वक विचार कर हल निकाले ताकि किसी भी बच्चे को शाला न छोड़नी पड़े।

# ...अम्मा चलीं मदर ऑफ डैमोक्रेसी कहलाने

नरेंद्र मोदी राज के गरीबों का कल्याण करने के अति-प्रचार पर पानी फेरते हुए, एक बार फिर वैश्विक भूख सूचकांक तैयार करने वाले प्रतिष्ठित संगठनों ने दिखाया है कि मौजूदा निजाम में गरीबों की हालत, वास्तव में बद से बदतर होना जारी है। कहने की जरूरत नहीं है कि भूख का पैमाना, आम जनता की दशा का न्यूनतम से न्यूनतम पैमाना है, जो दिखाता है कि पेट भर जरूरी आहार हासिल करने की न्यूनतम जरूरत पूरी कर पाने से भी गरीब कितनी दूर हैं। और इस न्यूनतम पैमाने पर भारत, जो जीडीपी के लिहाज से दुनिया की पांचवीं बल्कि चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दम भरता है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंच जाने की शेखी मारता है, 2023 के लिए की गई गणना में, दुनिया के उल्लेखनीय रूप से भूख से प्रभावित 125 देशों में, 111वें नंबर पर निकला है। पड़ौसी देशों में लंबे पश्चिमी कब्जे तथा उसके खिलाफ युद्ध से तबाह अफगानिस्तान और अफ्रीकी गरीब देशों में सोमालिया समेत, कुछ चौदह देश ही हैं, जहां की जनता भारत से भी ज्यादा भूख की मारी हुई है। याद रखने की बात है कि बांग्लादेश की तो बात छोड़ ही दें, पड़ौसी देशों में उस पाकिस्तान में भी हालात भारत से बेहतर हैं, जहां आटे के ऊंचे दाम और भूख के चलते दंगों की खबरें भारत का गोदी मीडिया बड़े चटखारे लेकर प्रसारित करता है। और उस श्रीलंका से भी, जहां पिछले साल भूख की मारी जनता बगावत पर उतर आई थी और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत सरकार को एक मौके पर तो देश छोड़कर ही भागना पड़ा था!

जहां तक भूख सूचकांक का ही सवाल है, पिछले एक साल में भारत चार अंक नीचे ही खिसका है। 2022 के सूचकांक में भारत, 107वें नंबर पर था। वास्तव में यह कहना भी गलत नहीं होगा कि मोदी राज में भूख सूचकांक पर भारत लगातार और वास्तव में तेजी से नीचे ही खिसकता रहा है। फिर भी, 2006 से शुरू हुए इस सूचकांक में शामिल भूख के मारे देशों की संख्या चूंकि लगातार बढ़ती रही है, देशों की भूख की स्थिति की शुद्ध गणना का पैमाना मानने के बजाय, इसे भूख के पहलू से देशों की तुलनात्मक स्थिति का पैमाना मानना ही ज्यादा सटीक होगा। मिसाल के तौर पर पिछले साल भारत, 121 देशों में से 107वें नंबर पर था, जबकि इस बार इस सूचकांक में शामिल देशों की संख्या, चार देशों के और जुड़ने के साथ, 125 हो गई है और भारत 111वें अंक पर खिसक गया है। ऐसे में मुश्किल होते हुए भी सैद्धांतिक रूप से यह असंभव नहीं है कि सभी चार देश, भारत से कम भूख वाले जुड़े हों और इसलिए, भारत का पिछले साल से चार अंक नीचे खिसक जाना, अपने पीछे उसके जहां के तहां बने रहने की ही सच्चाई छुपाए हो। बहरहाल, भारत किसी भी तरह से पिछले साल की अपनी स्थिति के मुकाबले, दूसरे देशों की तुलना में भी रत्तीभर सुधार का भी दावा नहीं कर सकता है।

इस सिलसिले में यह भी गौरतलब है कि आयरलैंड तथा जर्मनी की दो गैर-सरकारी संस्थाओं—कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्ट हंगरहिल्फ—द्वारा हर साल तैयार की जाने वाली विश्व में भूख की स्थिति पर यह प्रतिष्ठित रिपोर्ट, महज आहार और पोषण की उपलब्धता पर ही आधारित नहीं होती है। इस रिपोर्ट में कुल चार पैमानों को लिया जाता है यानी आहार गत स्थिति के अलावा, पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों की अल्पविकास या वेस्टिंग यानी लंबाई के अनुपात में वजन के कम रहने का दर्जा। तीसरा पैमाना है, बच्चों का ठिग्गापन या स्टंटिंग यानी उम्र के अनुपात में, लंबाई कम रहने का दर्जा। और आखिरी पैमाना है, पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए मृत्यु दर। भूख की दशा के इस माप में, आहार या पोषण की आम स्थिति के अलावा, बच्चों से संबंधित तीन पैमाने जोड़े जाना, विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह इस माप को बच्चों के विकास पर पड़ रहे प्रभाव का माप करने के जरिए, सिर्फ तात्कालिक भूख से बढ़कर, भूख के टिकाऊ रुझान का माप बना देता है। और यह माप, किसी भी देश के भविष्य के लिए परिप्रेक्ष्य के रूप में भूख को सामने लाता है, यह तो खैर स्वत:स्पष्ट ही है।



राजेंद्र शर्मा

> जहां तक भूख सूचकांक का ही सवाल है, पिछले एक साल में भारत चार अंक नीचे ही खिसका है। 2022 के सूचकांक में भारत, 107वें नंबर पर था। वास्तव में यह कहना भी गलत नहीं होगा कि मोदी राज में भूख सूचकांक पर भारत लगातार और वास्तव में तेजी से नीचे ही खिसकता रहा है। फिर भी, 2006 से शुरू हुए इस सूचकांक में शामिल भूख के मारे देशों की संख्या चूंकि लगातार बढ़ती रही है।

यह रिपोर्ट बताती है कि भारत में 18.7 फीसद बच्चे वेस्टिंग के शिकार हैं। यह अनुपात, दुनिया भर में सबसे ज्यादा है। इस अनुपात का 15 फीसद से ज्यादा होना ही 'अत्याधिक' चिंताजनक की श्रेणी में आता है और भारत में यह अनुपात इस श्रेणी में भी कहीं ज्यादा है। भारत, भूख के मारे इन 125 देशों भी इकलौता है, जहां चाइल्ड वेस्टिंग को 'अत्याधिक' चिंता की श्रेणी में रखा गया है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि इसे ही कुपोषण का सबसे बुरा रूप तथा खराब संकेतक माना जाता है। जहां तक बच्चों की ही स्थिति से जुड़े दूसरे पैमाने, ठिग्गेपन या स्टंटिंग का सवाल है, भारत में 35 फीसद बच्चे अपनी उम्र के अनुपात में कम लंबे हैं। इस मामले में भी भारत की स्थिति को 'अत्यधिक' जोखिम की स्थिति की श्रेणी में रखा गया है, हालांकि इस मामले में भारत की ही स्थिति सबसे बुरी नहीं है। कई अफ्रीकी तथा पूर्वी एशिया के भी कुछ देशों की स्थिति, इस मामले में भारत से भी बदतर है। तीसरे पैमाने पर, जो कि पांच वर्ष तक आयु के बच्चों की मौत का पैमाना है, भारत में करीब 3.1 फीसद बच्चे पांच वर्ष तक नहीं जीते हैं और इस मामले में भारत को 'कम जोखिम' की श्रेणी में रखा गया है। रही बात आबादी के कुपोषण या अल्पपोषण की तो, 16.6 फीसद अल्पपोषित आबादी के साथ, भारत की स्थिति को 'मध्यम' जोखिम की स्थिति की श्रेणी में रखा गया है। और कुल मिलाकर, भारत का ग्लोबल हंगर इंडैक्स स्कोर 28.7 है, जो भूख की 'गंभीर' स्थिति को दिखाता है। इस सूचकांक में शामिल किए गए 125 देशों में से भी सिर्फ 40 देश ही 'गंभीर' भूख की श्रेणी में आते हैं और दुनिया का सबसे तेजी से विकास कर रहा देश होने का दावा करने वाला भारत, इसी श्रेणी में शामिल है।

हैरानी की बात नहीं है कि मोदी राज ने पिछले कई वर्षों की तरह, एक बार फिर विश्व भूख सूचकांक को सिरे से खारिज कर दिया है। वास्तव में मोदी राज का यह तरीका ही बन गया है कि जो भी सूचकांक, उसके शानदार प्रदर्शन की गवाही नहीं देता है, उसे गैर-तथ्यपूर्ण से लेकर, दुर्भावनापूर्ण तक कहकर खारिज ही कर दिया जाता है। मिसाल के तौर पर, प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत, 2023 में दुनिया के 180 देशों में खिसक कर 161वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पिछले साल वह 151वें स्थान पर था। कहने की जरूरत नहीं है कि भूख सूचकांक की ही तरह, प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक पर भी भारत तेजी से रसातल की ही ओर ही बढ़ता जा रहा है और मोदी राज इस सूचकांक को भी उतनी ही हिकारत के साथ खारिज करता आया है। ऐसा ही किस्सा, धार्मिक स्वतंत्रता आदि से संबंधित रिपोर्टों का भी है। अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों को ही नहीं, देश के स्तर पर भी मोदी राज ने अप्रिय वास्तविकताओं को छुपाने के लिए, आंकड़ों और सूचकांकों को दबाने को ही नियम बना लिया है। लेकिन, इस मामले में तो मोदी सरकार, भूख की सच्चाइयों को झुठलाने के लिए यह दलील देने की हद तक चली गई है कि भारत में बच्चों की स्टंटिंग तथा वेस्टिंग को, भूख के साथ जोड़ना ही गलत है और पांच साल से कम की आयु में मौतों का भी भूख से संबंध नहीं जोड़ा जा सकता है, आदि। यानी मोदी सरकार सच को छुपाने के लिए यह दलील देने तक के लिए तैयार है कि बच्चों के स्वास्थ्य पर, जिसमें उनका जीवन भी शामिल है, भूख के प्रभाव को, भूख का संकेतक नहीं माना जा सकता है! लेकिन, यह सिर्फ भूख का नहीं, ऐसी भूख का मामला है, जो देश के भविष्य को, अगली पीढ़ी को ही कमजोर कर रही है।

लेकिन, जैसा कि मोदी राज ने नियम ही बना लिया है, वह सौ बार झूठ बोलकर, सच को ही नकारने में लगा है। भूख सूचकांक पर देश के दयनीय प्रदर्शन को झुठलाने की कोशिश में, प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में उत्तराखंड के अपने सरकारी दौरे पर जोर-शोर से इसकी डींग हांकी कि उनके राज में पिछले पांच साल में साढ़े तेरह करोड़ लोगों को गरीबी से ऊपर उठाया गया है! यह दावा, गरीबी के ऐसे झूठे मापों की तुलना के आधार पर किया जा रहा है, जिनके आधार ही अलग-अलग होने की वजह से, जिनकी तुलना की ही नहीं जा सकती है। सच्चाई यह है कि भारत में स्वतंत्रता के बाद से, गरीबी को ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन 2200 कैलोरी और शहरी क्षेत्र में 2100 कैलोरी आहार तक पहुंच के जिस मानक से परिभाषित किया जाता था, उसे ही पिछले ही अनेक वर्षों में धीरे-धीरे त्याग दिया गया। नतीजा यह हुआ कि वास्तव में आहार की स्थिति दरिद्र से दरिद्रतर होती गई, फिर भी सरकारी आंकड़ों में गरीबी घटती गई। और अब तो मोदी राज ने गरीबी के माप के उस दिखावे को भी त्याग दिया है और मनमाने संकेतकों के बल पर, मनचाहे दावे किए जा रहे हैं। नतीजा यह कि सरकारी दावों में गरीबी जितनी तेजी से घट रही है, जनता के बीच भूख उतनी ही तेजी से फैल रही है। और वह शासन जो अस्सी करोड़ लोगों को पांच किलो मुफ्त राशन बांटने का इतना ढोल पीटने के बावजूद, देश को 'गंभीर' भूख के चंगुल तक से निकाल नहीं पा रहा है, खुद ही अपने मुंह से मदर ऑफ डैमोक्रेसी के दावे कर रहा है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# हमास के अमानवीय हमले से नेपथ्य में जाती फ़िलिस्तीन के अधिकारों की लड़ाई

हमास के आतंकी हमले के नृशंस और अमानवीय रूप ने फ़िलिस्तीन का ही सबसे ज़्यादा नुक़सान किया है। हमास के अत्याचार के फ़ोटो -वीडियो आदि देखकर लोग बदले के उन्माद में फ़िलिस्तीन के नागरिकों के मानवाधिकारों की बात ही भूल गए हैं तो फ़िलिस्तीन की आज़ादी की मांग बहुत नेपथ्य में चली गई है। हमास ने इज़राइल पर अप्रत्याशित हमला कर सैकड़ों इज़राइलियों को मौत के घाट उतारकर फ़िलिस्तीन के लिए तो आत्मघाती क़दम उठाया ही, पूरे विश्व की शांति को भी ख़तरे में डाला है।

ज़ाहिर तौर पर हमास के आतंकियों को इस हमले के लिए आवश्यक साधन और ट्रेनिंग उसे समर्थन दे रहे मुट्ठी भर देशों से मिली। इसके बिना हमास की ताक़त नहीं थी कि विश्व की सबसे बेहतरीन इंटेलीजेंस एजेंसी माने जाने वाली मोसाद, इज़राइल के मित्र देशों के इंटेलीजेंस नेटवर्क, इज़राइल के अभेद माने जाने वाले सुरक्षा चक्र और यहां तक कि हवाई हमलों से बचने की इज़राइल की तकनीक को विफल कर दे। यह हमला इतना अनपेक्षित था कि इज़राइल की सेना को स्थिति समझने और सम्भालने में कई घंटे लगे। लेकिन जब इज़राइल की सेना जागी तब दूसरी ओर का नरसंहार तय था। हमास की ग़लती की सज़ा पूरा फ़िलिस्तीन ख़ासकर ग़ाज़ा पट्टी का क्षेत्र भुगत रहा है। यहां हमास के आतंकवादियों के साथ आम नागरिक- बच्चे, बूढ़े, महिलाएं सभी बड़ी तादाद में मारे जा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से फ़िलिस्तीनियों के मानव अधिकारों की बात करने वालों का अकाल सा पड़ गया लगता है। दुनिया के बहुत सारे देशों के नागरिक ग़ाज़ा पट्टी के नेस्तनाबूद होने के इंतज़ार में लग रहे हैं। इस समय इज़राइल की सेना के हर हमले को शांतिप्रिय समझे जाने वाले देशों के नागरिक भी बड़े उत्साह से देख रहे हैं और उसे समर्थन दे रहे हैं। ऐसे माहौल में शांति और आम फ़िलिस्तीनी नागरिक के अधिकार की बात बहुत पीछे छूट गई लगती है, जो कि एक दुखद मंज़र है।

यूं देखा जाए तो फ़िलिस्तीन उन दुर्भाग्यशाली देशों में है जिसकी क़िस्मत में शांति अमूमन कम ही रही है। यास्सेर अराफ़ात के करिश्माई व्यक्तित्व और ख़ूबियों के कारण फ़िलिस्तीन के मुक्ति संघर्ष को न सिर्फ दुनिया के कई मुल्कों का समर्थन मिला बल्कि भारत में इंदिराजी, अटलजी सहित अनेक नेताओं से अराफ़ात के बहुत ही प्रेमपूर्ण सम्बंध रहे। हिंसक संघर्ष से शुरुआत कर यास्सेर अराफ़ात ने जब शांति का मार्ग अपनाया और अमेरिका की मध्यस्थता में इज़राइल के साथ 1993 में ऐतिहासिक ओस्लो शांति समझौता किया तब फ़िलिस्तीन को शांति के कुछ वर्ष बमुश्किल नसीब हुए। इन वर्षों में फ़िलिस्तीन में लोकतंत्र की बयार भी आई और फिलिस्तीनी लेजिस्लेटिव काउंसिल का गठन भी हुआ। पहला चुनाव अराफ़ात की फ़तह पार्टी जीती भी। वर्ष 2004 में अराफ़ात की रहस्यमय कारणों से मृत्यु के एक-दो वर्ष पूर्व से उनकी राजनैतिक मुश्किलें बढ़ीं, सत्ता अपनी ही पार्टी के दूसरे व्यक्ति को सौंपनी पड़ी और हत्या की साज़िशों का सामना करना पड़ा। लेकिन 2006 अपने दूसरे और आखिरी चुनाव में पूरी दुनिया को चौंकाते हुए फ़िलिस्तीनियों ने आतंक का मूल स्वर रखने वाले संगठन हमास को सत्ता में बैठा दिया। तब से ही फ़िलिस्तीन में न सिर्फ नस्लीय कट्टरता बढ़ी, हिंसा लौटी बल्कि विकास के सारे रास्ते भी अवरुद्ध होते गए। आज स्थिति यह है कि फ़िलिस्तीन में हज़ारों घायलों के इलाज में भी मुश्क़िल आ रही है क्योंकि इज़राइल ने बिजली समेत अनेक ज़रूरी चीज़ों की आपूर्ति अवरुद्ध कर दी है। ग़ाज़ा पट्टी पर एक लाख सैनिकों, हथियारों आदि के साथ इज़राइली सेना की तैनाती के बाद भी हमास की ओर से रॉकेट के हमले जारी रहे जिनका ख़ामियाज़ा ज़ाहिर तौर पर फ़िलिस्तीन के निरपराध नागरिक भी भुगतेंगे। आतंकवादी संगठन के हाथ में सत्ता सौंपना ही फ़िलिस्तीनी नागरिकों का वो अपराध है जिसकी सज़ा वे लगातार भुगत रहे हैं और आगे भी भुगतने को अभिशप्त हैं।

हमास को ईरान के अलावा लेबनान के हिज़्बुल्ला, चीन, रूस आदि चंद देशों का समर्थन सदैव हासिल तरह रहा है। सऊदी अरब जैसे देशों ने हमले के बाद फ़िलिस्तीनी अधिकारों की भी बात की है। उधर इज़राइल को अमेरिका और ज़्यादातर यूरोपियन देशों, सहित लगभग 84 देशों का समर्थन प्राप्त हो चुका है। अमेरिका ने अपने सैनिक विमानों से लैस युद्धपोत इज़राइल की मदद के लिए भेज दिए हैं। मोटे तौर पर दुनिया के देशों की प्रतिक्रिया जहां हमले की निंदा के मुद्दे पर एकमत है वहीं फ़िलिस्तीन और शांति की बात पर विभक्त। दु:ख की बात यह है कि ज़्यादातर देशों के नेताओं ने शांति की कोई मांग की ही नहीं है। अन्तरराष्ट्रीय मीडिया में भी इज़राइल के शौर्य को ललकारा जा रहा है और उसके बदले की कार्रवाई को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर गौरवान्वित किया जा रहा है। फ़िलिस्तीन में मारे जा रहे बच्चों - महिलाओं, बुज़ुर्गों की आवाज़ उठाने वाला कोई नहीं। ऐसा लग रहा है कि पूरे फ़िलिस्तीन को ही आतंकवादी संगठन हमास के रूप में देखा जा रहा है। इस भ्रांति को तोड़े जाने की ज़रूरत है। हमास की ग़लतियों की सज़ा पूरे फ़िलिस्तीन के नागरिकों को देना ठीक नहीं। विश्व के बड़े नेताओं को अब शांति की पहल भी करना चाहिए। मुख्य रूप से इस्लामिक देशों का फ़िलिस्तीनियों से जुड़ाव इस सारे मामले को अलग स्वरूप दे रहा है। यद्यपि अभी तक इज़राइल ने किसी दूसरे देश से सैन्य सहायता नहीं मांगी है, लेकिन निकट भविष्य में यदि अंतरराष्ट्रीय ध्रुवीकरण हुआ तो विश्व शांति पर आंच आने की सम्भावना एकदम निर्मूल भी नहीं।



आलोक बाजपेयी

> यह समय विश्व के नेताओं के लिए परीक्षा की घड़ी है, जब वे अपने शांति प्रयासों से मानवता की रक्षा के लिए प्रयास कर सकते हैं। नफ़रत बढ़ाना और उन्मादी होकर क़त्लेआम देखना कम से कम हमारी संस्कृति नहीं। याद रखिए कि गांधीजी ने कहा था कि आंख के बदले आंख का रास्ता एक दिन पूरी दुनिया को अंधों के रहने की जगह बना देगा।

यदि किसी भी विवाद में एक पक्ष मुस्लिम और दूसरा ग़ैर मुस्लिम हो तो उस विषय में भारतीयों के कुछ बड़े तबकों की रुचि बढ़ जाती है। ऐसे मामलों को अक्सर साम्प्रदायिक चश्मे से देखा जाता है। इसीलिए भारत में जहां मुस्लिम संगठन से युद्ध के कारण इज़राइल को हीरो मानने वाला तबक़ा भी है तो बिना हमास के कुकर्मों की निंदा किए फ़िलिस्तीन का समर्थन करने वाला तबक़ा भी। शासन के दबाव में प्रशासन फ़िलिस्तीन के समर्थन में रैली आदि निकालने वालों पर एफ़आईआर जैसे मामले भी सामने आने लगे हैं। कुल मिलाकर भारत में इस विवाद को अपने पसंदीदा चश्मे से देखा जा रहा है। किसी को याद नहीं कि फ़िलिस्तीन किसी समय भारत का मित्र होता था और स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी को यास्सेर अराफ़ात अपनी बहन मानते थे और वे अटलजी के भी बेहद क़रीब रहे। सोशल मीडिया पर भी अपनी पसंद -नापसंद के इज़हार के साथ असली -नक़ली वीडियो भी ख़ूब वायरल हो रहे हैं। जिस तरह से घटनाक्रम चल रहा है उससे यह भी स्पष्ट है कि अभी कुछ दिन और यह मुद्दा भारत में भी अपने अपने नैरेटिव के हिसाब से सोशल मीडिया पर सुर्ख़ियां बनाता रहेगा और बहसों का केंद्र रहेगा। यह समय विश्व के नेताओं के लिए परीक्षा की घड़ी है, जब वे अपने शांति प्रयासों से मानवता की रक्षा के लिए प्रयास कर सकते हैं। नफ़रत बढ़ाना और उन्मादी होकर क़त्लेआम देखना कम से कम हमारी संस्कृति नहीं। याद रखिए कि गांधीजी ने कहा था कि आंख के बदले आंख का रास्ता एक दिन पूरी दुनिया को अंधों के रहने की जगह बना देगा। तो आइये अब लौट चलें शांति और मानवाधिकारों की ओर। हिंसा हमेशा बुरी है और शांति सदैव श्रेष्ठ। आइये शांति की उम्मीद और प्रार्थना करें।

***( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं संस्कृतिकर्मी हैं। )***

## पावन प्रसंग

# शक्ति व साधना का पर्व : नवरात्रि

वर्षभर में नवरात्रि दो बार आती है। नवरात्रि में नौ देवियों की पूजा का विशेष महत्व है। यह पर्व शक्ति साधना का पर्व कहलाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से जिस समय नवरात्रि आती है वह काल संक्रमण काल कहलाता है। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर जहां शीत ऋतु शुरू होती है। दोनों ही समय वातावरण में विशेष परिवर्तन होता है। जिसमें अनेक प्रकार की बीमारियां होने की संभावना रहती है। उपवास के माध्यम से शरीर के बढ़े हुए या कम हुए तापमान को नियंत्रित कर शुद्ध आचार-विचार, आहार के द्वारा नई ऊर्जा प्राप्त करते हैं। ऐसा करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ जाती है।

वासंतिक नवरात्रि से भारतीय नवरात्रि से भारतीय नववर्ष शुरू होता हैं। विक्रमी संवत् का प्रारम्भ गुप्त वंश के महान सम्राट विक्रमादित्य के विदेशी आक्रमणकारी जो लगभग अजेय थे उन शंकों को परास्त कर विजय स्मृति के रूप में प्रारम्भ किया था। भारत में प्रचलित सभी कला गणनाओं के अनुसार सभी संवतों का प्रथम दिन भी चैत्र शुक्ल प्रथम ही हैं। नवरात्रि के तहत नौ दिन मां भगवती के नौ रूपों की पूजा अर्चना कर उपवास रखा जाता है। वर्ष में दो बार आने वाले इन नवरात्रों के तहत दुर्गा मंदिरों में विशेष उत्सव और समारोह होते ही हैं अधिकांश भारतीय परिवारों में देवी की विशेष पूजा व हवन भी किये जाते हैं। इन दिनों देवी के निमित्त व्रत रखने का विधान हैं। यदि नौ दिन के व्रत रखना संभव न हो तो पहले और अंतिम नवरात्रि का व्रत रखना चाहिए। इसका समापन कन्याओं को भोजन करवाकर उन्हें वस्त्र, पैसे आदि भेंट करने से होता है।

नवरात्रों में मंदिर जाएं या नहीं घर पर एक निश्चित स्थान पर पूजन करने का शास्त्रों में विधान है। पूजा स्थल का यदि फर्श कच्चा है तो गोबर से लीप कर और यदि फर्श पक्का है तो पानी से धोकर वहां लकड़ी का एक पटरा रखा जाता हैं और घड़े या लोटे में जल भर कर कलश की स्थापना की जाती है। सिंहवाहिनी भगवती दुर्गा का चित्र पटरे पर रखा जाता है। कलश पर नारियल को लाल कपड़े से लपेटकर रखा जाता है। इस प्रकार आठ या नौ दिन पूजा के बाद महालक्ष्मी का रामनवमी की पूजा कर कन्या का पूजन भी किया जाता है। कन्याओं को रोली का टीका लगाकर उनके हाथ में मौली बांधी जाती है। कई लोग घर में रखे गये श्री दुर्गा सप्तशती पाठ का विधान अनुसार पूजा के बाद हवन भी करते हैं। ब्रह्म पुराण के अनुसार आज इसी दिन ब्रह्मा जी की पूजा आराधना का शास्त्रीय विधान भी है।

मां भगवती के नौ रूप इस प्रकार हैं-शैल पुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघण्टा, कुष्मांडा, स्कन्द माता, कात्यायनी, कालरात्री, महागौरी एवं सिद्ध दात्री। वैसे तो वर्ष में चार बार नवरात्रों का आगमन होता है। लेकिन शुक्ल पक्ष एवं अश्विन पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक आने वाले नवरात्रों का विशेष महत्व है। नवरात्रों में भक्तगण वैष्णव तरीके से व्रत अथवा उपवास रखकर मां भगवती की विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना करते हैं।

नवरात्रों मे किये गये देवी पूजन, हवन, धूप-दीप आदि से घर का वातावरण व आत्मा तक को एक अलौकिक शक्ति एवं शुद्धि की प्राप्ति होती है। हमारे धार्मिक ग्रन्थों में देवी पूजा की कई विधियां, व्रत एवं आत्म संयम का वर्णन किया गया है किन्तु आधुनिक युग के परिवेश में वेद पुराणों में लिखित पूजा का विधान से पालन कर पाना प्रत्येक मनुष्य के लिए संभव नही है। दिखावे के लिए किया गया पूजा पाठ, समय-शक्ति एवं धन का अपव्यय होता है। इसलिए समय, साधन और श्रद्धा के अनुसार नवरात्रों से सम्बन्धित जप एवं मंत्र के भावार्थ को अपने जीवन में सार्थक करने का प्रयत्न किया जाना चाहिए। आंतरिक व बाहरी स्वच्छता व शक्ति प्राप्ति का सहज मार्ग मां दुर्गा के नवरात्रों के लिए व्रत पालन का संकल्प बिना किसी दबाव दिखावे अथवा नि:स्वार्थ और श्रद्धा अनुसार किया जाना चाहिए।

**चेतन आचार्य सुमन सागर**

## आपके पत्र

# तेलंगाना में मतदाताओं को रिझाने लगाया घोषणाओं का अंबार

जनता और सरकार के बीच तादात्म्य स्थापित नहीं होने और मतदाता राजनैतिक दलों से मुंह मोड़ लेती है तब जनता को अनेक प्रकार का प्रलोभन देकर वोटबैंक खड़ी की जाती है। यह सत्तारूढ़ और विपक्षी दल इस माहौल से गुजर रहे हैं। कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश आदि उदाहरण हमारे सामने है। मतदाता पार्टी से विमुख हो जाते हैं तब मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट देने का आग्रह किया जाता है। दो रुपए किलो गेंहू, पांच सौ रुपए सिलेंडर और सौ यूनिट मुफ्त बिजली का आफर देकर जनता से वोट मांगे जा रहे हैं। लेकिन मतदाता अपने स्वार्थ में उन उम्मीदवारों को वोट देकर जीत दिलाते हैं, जिनके बदौलत पांच साल तक सहन करना पड़ता है। खून के आंसू रोना पड़ता है। मतदाताओं को कम से कम इतने सस्ते में तो नहीं बिकना चाहिए। बिको तो ऐसे बिको कि दुनिया में तुम्हारी कोई कीमत नहीं लगा सके। हमने पुरानी सारी सरकारों को नजदीक से देखा है। देश में न कोई शांति थी और न ही कौमी एकता के दर्शन होते थे। सरहदें जल रही थी। आतंकवाद चरम पर था। देश में अराजकता का माहौल था। कश्मीर जल रहा था। सेना सरकार के इशारों पर काम करती थी। हर दूसरे दिन कर्फ्यू लगाया जाता था। देश में आए दिन हिन्दू-मुसलमान होता था। देश में हर रोज कहीं न कहीं बम ब्लास्ट होते थे। आर्थिक विषमताओं से जनता परेशान थी। देश में अराजकता व्याप्त थी। कश्मीर की समस्या के हल के लिए सयुंक्त राष्ट्र हमेशा भारत पर दबाव बनाते थे। पाकिस्तान भारत पर हावी था। अब भारत की चमक दुनिया में पसर गई है। आज भारत के एक इशारे पर दुनिया हरकत में आ जाती है। इन सभी सुधारवादी अभिगम के बाद देश में मजबूत सरकार की जरूरत है। ईमानदार और नैतिक जिम्मेदारी व्यक्तित्व की आवश्यकता है। मुफ्त की रेवड़ी के लालच में कमजोर सरकार और कमजोर प्रत्याशियों को अपना कीमती मत नहीं देना है। अभी चुनाव की रणभेरी बजी है। कुछ ही समय में लालच और मुफ्त रेवड़ी की भरमार होगी। लेकिन देशहित में काम करने वाले उम्मीदवारों को वोट देकर आगे लाना है। देश बचेगा तो हम सब की सलामती है। हम दुनिया के उपद्रवियों को देख ही रहे हैं। पार्टी राजनीति से ऊपर उठकर महत्वपूर्ण व्यक्ति को आगे लाना है। पांच विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में सोच समझ कर मतदान करना है। रेवड़ियों के सहारे कीमती मत बर्बाद नहीं करना है जो आपको एक रुपए की सहूलियत देंगे, वे दूसरे हाथ से हजारों रुपए आपके और हमारे जेब से निकाल देंगे। ईमानदार और मजबूत सरकार को वोट देकर सता के गलियारों तक पहुंचाना है जिससे हमारे और हमारे बच्चों के भविष्य को संवारा जा सके।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### रानी बनी सिरोंज विधानसभा प्रभारी



**सिरोंज, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष विभा पटेल ने शहर ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रानी साहू को सिरोंज विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया। नियुक्ति से उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।

### धान, ज्वार एवं बाजार के उपार्जन के लिए अब 20 तक पंजीयन

**रायसेन, देशबन्धु।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजार के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की तिथियां बढ़ाई गई है। पूर्व में यह तिथि 15 अक्टूबर तक निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर अब 20अक्टूबर 2023 तक किया गया है। सभी किसान भाइयों से अपील की गई है कि खरीफ फसलों के उपार्जन के लिए समय सीमा में अपना पंजीयन कराना सुनिश्चित करें।

### न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों को दी कानून की जानकारी

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के सनराईज स्कूल में तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों को कानूनए विद्यार्थियों के अधिकार के संबंध में जानकारी दी । शिविर में जिला सत्र न्यायाधीश शालिनी शर्माएव्यवहार न्यायाधीश सुश्री गौतमए कृष्णपाल सिंह सिसोदियाए सनराईज स्कूल संचालक अरूण यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों को कानून का पालन करनेए पुलिस को सहयोग करने पर जोर देते हुए एडीजे श्रीमति शर्मा ने कहा कि कानून का पालन सभी नागरिकों को करना चाहिये। उन्होने अपने आसपास होने वाली असामाजिक गतिविधियों के बारे में पुलिस को जानकारी देने की अपील विद्यार्थियों से की। जिससे अनुचित गतिविधियों पर रोक लगाकर अपराधों पर लगाम कसी जा सके। उन्होने स्कूली छात्राओं को महिला सुरक्षा कानून से अवगत कराया एवं विधिक साक्षरता संबंधित जानकारी दी।

बेगमगंज में मडियानाका पर की जा रही थी वाहनों की जांच

# एसएसटी चैक पांईट पर वाहन से जप्त किए 5 लाख नगद



**रायसेन, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 को लेकर 9 अक्टुबर से आचार संहिता पुरी तरह प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचर अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार आचार संहिता लागू होते ही स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिये सम्पूर्ण जिले में गठित एसएसटी और एफएसटी टीमों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के बेगमगंज थाना अंतर्गत मडियानाका एसएसटी चेक प्वाइंट पर वाहनों की जांच के दौरान एसएसटी टीम द्वारा एक व्यक्ति से पांच लाख रुपए की नगद राशि जप्त की गई। जिसका जप्तीनामा, सुपर्दगीनामा मौके पर बनाया गया।

उल्लेखनीय है कि रायसेन जिले में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराते हुए विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे द्वारा सम्पूर्ण जिले में एसएसटी की 20 टीमें तथा एफएसटी की 21 टीमें गठित की गई है। जिनके द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई ईवीएम और वीवीपैट के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया

**रायसेन, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की उपस्थिति में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कंप्यूटरीकृत प्रणाली से ईवीएम और वीवीपेट के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया सम्पन्न की गई। कलेक्टर दुबे ने सभाकक्ष में उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को एफएलसी, रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से अवगत कराया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष ढंग से कंप्यूटर प्रणाली के माध्यम से ईवीएम, बीयू और व्हीव्हीपीएटी मशीनों का रेंडमाइजेशन गया। जिले की चारों विधानसभाओं के लिए एफएलसी की गई 1396 बीयू और सीयू तथा 1506 व्हीव्हीपीएटी मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। इस दौरान



मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ तथा सांची विधानसभा क्षेत्र की रिटर्निंग अधिकारी अंजू पवन भदौरिया सहित चारों विधानसभाओं के रिटर्निंग अधिकारी तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग भी उपस्थित रहीं।

# रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को बताए इंटरव्यू में सफलता के गुर



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत चल रहे विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को इंटरव्यू में सफलता के गुण सिखाए गए। किसी भी इंटरव्यू में सफलता प्राप्त कैसे करें? इंटरव्यू देते समय बॉडी लैंग्वेज कैसी रखें? फर्स्ट इंप्रेशन कैसे बनाए? प्रथम मीटिंग में किसी को कैसे प्रभावित करें? अवसर के अनुसार कैसे प्रेजेंटेबल दिखें? इन सभी बिंदुओं के बारे में कर्तव्य आईएएस एकेडमी इंदौर से आए एक्सपर्ट मरविन माइकल द्वारा विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थीओ का बहुत उत्साह देखने को मिला और वे कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत लगभग एक घंटे तक विषय विशेषज्ञ के साथ अपनी शंकाओं का समाधान खोजते नजर आए। एक्सपर्ट मेरविन माईकल ने सभी विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर धैर्य पूर्वक और आसान शब्दों में दिया। सभी विद्यार्थी उनके जवाब से संतुष्ट रहे और बहुत खुश और उत्साहित रहे।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ. साधना कुमारी ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो एस.आर.तिवारी और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यार्थी और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

नागरिकों को शपथ दिलाकर मतदान के लिए किया जाएगा प्रेरित

# मतदाताओं को जागरूक करने निकाली रैली, कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**हरदा,देशबन्धु।** जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये आगामी 17 नवम्बर को मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि गर्ग के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय परिसर में कलेक्टर गर्ग एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया ने हरी झण्डी दिखाकर टार्च रैली को रवाना किया। कलेक्टर गर्ग ने इस दौरान उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता संबंधी शपथ दिलाई। इस अवसर पर कलेक्टर गर्ग, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिसोनिया एवं अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों व जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को रैली के आयोजन के लिये टार्च सौंपी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिसोनिया ने बताया कि यह रैली जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तथा शहरी क्षेत्रों के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर नागरिकों को मतदान की शपथ दिलाकर मतदान के लिये प्रेरित करेंगे। यह रैली 24 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी।

## रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

**हरदा , देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि गर्ग के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान हरदा जिले में आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता गतिविधियों का आयोजन किया गया। ग्राम पोखरनी के शासकीय स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा उपस्थित जनों को मतदान करने के लिये शपथ दिलाई गई। इसी प्रकार ग्राम खिरकिया के शासकीय कन्या विद्यालय, ग्राम पंचायत बीड़, कमताड़ा, अबगांवकला सहित अन्य क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर व शपथ दिलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया।




# अग्रसेन जयंती पर निकाली शोभायात्रा का किया स्वागत

सामाजिक समरसता का आदर्श उदहारण महाराजा अग्रसेन : शर्मा



**सिरोंज, देशबन्धु।** अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज ने परंपरा अनुसार शोभायात्रा निकाली। शीतला माता कठाली बाजार से प्रारम्भ हुई शोभायात्रा नगर के कई मार्गो से होकर निकली। शोभायात्रा का मुख्य बाजार में भाजपा मण्डल द्वारा स्वागत किया गया। शोभायात्रा में विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने सनातन संस्कृति अनुसार शामिल अगवाल समाज की महिलाओं एवं पुरूषों का केसरिया पटका पहनाकर सम्मान स्वागत किया। उन्होंने शोभायात्रा में कलश लेकर चल रही छोटी बालिकाओं का भी उत्साहवर्धन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हरिबाबू भार्गव,नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, संतोष चौरे,मनोज साईंनाथ, सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व गिरधारी मंदिर में आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में शर्मा ने कहा कि अग्रवाल समाज पर मां लक्ष्मी की अनन्त कृपा है और यह सदैव बनी रहे। महाराज अग्रसेन ने सभी समाजों के लिए सामाजिक समरसता का जो संदेश दिया है। उन्होंने ट्रस्ट को धन्यवाद देते हुए कहा कि पीढ़ियों से वर्षो पुराने ऐतिहासिक भवन को बरकरार बनाए रखने में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। हजारों सालों से यह अग्रवाल समाज की श्रद्धा का केंद्र है। एक हजार साल का तो यहां शिलालेख उपलब्ध है। इस अवसर पर तरुण मंडल के अध्यक्ष विकास गर्ग ने समिति के लोगों के साथ विधायक शर्मा का सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कलश यात्रा में सहभागिता करने वाली बेटियों को भी पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामप्रकाश गर्ग,राकेश गोयल,महेश गर्ग,प्रह्लाद सिंहल, रामबाबू मित्तल,राजेन्द्र गर्ग,अतुल गोयल,दिनेश चंद्र गर्ग,नितिन गोयल,नवीन मित्तल, अर्पित मित्तल, सुलभ गर्ग,मोहित बंसल, नितिन अग्रवाल,हर्षित सिंहल आदि उपस्थित रहे।

## बीयू, सीयू और वीवीपैट को सुरक्षा के साथ विधानसभाओं में बने स्ट्रांग रूम के लिए किया जा रहा रवाना

**रायसेन, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत बीयू, सीयू और वीवीपैट के प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में बने ईवीएम गोडाउन को जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे, पुलिस अधीक्षक शहवाल, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में खोला गया। इसके उपरांत रेण्डमाईजेशन अनुसार मशीनों का मिलान किया गया और संबंधित विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति में सम्पूर्ण सुरक्षा के साथ कंटेनरों में चारों विधानसभाओं में बनाए गए स्ट्रांग रूम के लिए रवाना किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। जिले की चारों विधानसभाओं के लिए एफएलसी की गई 1396 बीयू, 1393 सीयू तथा 1506 व्हीव्हीपीएटी मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। उदयपुरा विधानसभा के लिए 351 बीयू, 351 सीयू और 378 वीवीपैट, भोजपुर विधानसभा के लिए 353 बीयू, 353 सीयू और 381 वीवीपैट, सांची विधानसभा के लिए 378 बीयू, 378 सीयू और 408 वीवीपैट तथा सिलवानी विधानसभा के लिए 314 बीयू, 341 सीयू और 339 वीवीपैट एलॉट हुई हैं।

# बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल का सश्रम कारावास



**मुरैना, देशबन्धु।** विशेष न्यायालय (पोक्सो एक्ट)/ द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश तहसील अंबाह जिला न्यायालय द्वारा आरोपी संजय सखवार उम्र 19 साल निवासी- अंबाह जिला मुरैना को धारा 363 भादवि में 5 वर्ष का सश्रम कारावास व 1000/- रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 3/4 पोक्सो एक्ट में 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 5000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मीडिया सेल प्रभारी अभियोजन रश्मि अग्रवाल ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 10 मार्च 2021 को सुबह करीबन 10 बजे रिपोर्ट करते हुए बताया कि वह अपनी पत्नी को दवा दिलाने के लिये मुरैना गया था, घर पर उसकी पुत्री पीडिता बालिका उम्र 15 वर्ष एवं उसके दो लडके अकेले थे, उसे उसके लडके ने करीब 4 बजे पडोस के फोन से बताया कि घर पर पीडिता बालिका नहीं दिख रही है, कहीं चली गयी है तो वह मुरैना आकर गांव के आस पास व अपनी सभी रिश्तेदारियों मे पीडिता की तलाश की लेकिन पीडिता का कोई पता नहीं चला। उसे शक है कि उसकी पुत्री पीडिता बालिका को गांव के संजय पुत्र वीरसिंह सखवार बहला फुसलाकर ले गया है जिसके आधार पर थाना अम्बाह में अपराध क्रमांक 204/2021 अन्तर्गत धारा 363 भादवि के तहत पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया व पीडिता बालिका को दस्तयाब कर बालिका के कथन लेखबद्ध किये तथा धारा 164 द.प्र.स. के तहत कथन न्यायालय में कराये, जिसमें पीडिता बालिका द्वारा बताया गया कि वह दिन में दोपहर दो बजे अपने घर के पीछे झाडियो में सौंच करने गई थी तब पीछे से उसके गॉव का आरोपी संजय आ गया और उसका मुँह दबाकर खींचकर बीहड में ले गया तथा उसके साथ (बलात्कार) किया और दिन भर उसे बेहड में रखा, दूसरे दिन उसके पिता की आवाज सुनाई दी जो उसका नाम लेकर खोज रहे थे तब उसके पिता की आवाज सुनकर आरोपी संजय पीडिता बालिका को छोडकर मौके से भाग गया। उसके बाद उसने अपने पिता को आवाज दी और उनके पास पहुँच गई उसके बाद उसके पिता ने पुलिस को बुलाया जिसके आधार पर अपराध में धारा 376 भादवि एवं धारा 3/4 पोक्सो एक्ट के तहत इजाफा किया गया। उक्त प्रकरण में शासन/अभियोजन की ओर से पैरवी सोवरन सिंह माहोर विशेष लोक अभियोजक/एडीपीओ अम्बाह जिला मुरैना द्वारा की गई।

# स्कूल से बच्ची हुई गायब, परिजनों ने किया हंगामा

बच्ची को सड़क पर देखकर कुछ लोगों ने पहचान लिया और परिजनों को फोन किया

**मुरैना, देशबन्धु।** शहर के जोरा रोड स्थित राठी पब्लिक स्कूल से एक बच्ची अचानक गायब हो गई तथा प्रबंधन द्वारा बच्ची के परिजनों को लगभग 17 मिनट बाद फोन किया गया। बच्ची पास के ही किसी मोड़ पर परिचित लोगों को मिल गई, जिससे एक बड़ी घटना होने से टल गई। स्कूल प्रबंधन की लापरवाही पर परिजनों ने आक्रोश जताया और पुलिस थाने भी पहुंचे, लेकिन बाद में मामला रफा-दफा कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बंटी दंडोतिया निवासी जोरा रोड की 7 वर्षीय पुत्री अवनी दंडोतिया द्वितीय क्लास की छात्रा है। सोमवार की सुबह 7 बजे स्कूल की गाड़ी उसे लेकर स्कूल पहुंची और 10 बजे के बाद बच्ची क्लास में नहीं थी। बच्ची के पिता ने आरोप लगाया कि जब सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, तब पता चला की बच्ची 10:58 पर स्कूल के गेट से बाहर निकली थी और उस समय वहां तैनात सुरक्षा गार्ड मौजूद नहीं था। बच्ची स्कूल के राइट हैंड पर किसी मार्ग पर चली गई, तभी बच्ची को सड़क पर देखकर कुछ लोगों ने पहचान लिया और उसके परिजनों को सूचना दी, वहीं घटना के 17 मिनट बाद स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्ची के पिता को सूचना दी गई। पिता का आरोप है कि स्कूल संचालक की पूर्ण जिम्मेदारी है बच्चों को सुरक्षित रखने की, लेकिन प्रबंधन द्वारा इस कार्य में लापरवाही की गई है तथा सुरक्षा गार्ड भी 1 घंटे तक गायब था। इस दौरान अगर बच्ची को कुछ हो जाता तो स्कूल प्रबंधन क्या जवाब देता। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों से मांग की है कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूल प्रबंधन को दिशा निर्देश दिए जाएं।

## महिला की मौत, पिता ने ससुराल पक्ष पर लगाए आरोप, एसपी से की शिकायत

मुरैना, देशबन्धु। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप कालौनी में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी जिससे उसकी मौत हो गई, पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम किया है। इस मामले में मृतका महिला के पिता ने ससुरालजीजन पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है।

इस मामले में मायके पक्ष के सुखवीर सिंह निवासी रैवियापुरा बसेड़ी राजस्थान ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भी सौंपा हैं, जिसमें बताया गया कि उसकी बेटी शैली की शादी अभय प्रताप के साथ रैवियापुरा बसेड़ी में 2020 में हुई थी। जिसमें दान दहेज दिया गया, लेकिन शादी के बाद से ही उसके ससुरालीजन दहेज में 13 लाख रुपये और मांगने लगे, जिसको लेकर शैली ने बताया भी था। सुखवीर सिंह ने आवेदन में आरोप लगाया कि शैली को ससुरालीजन ने कमरे में बंद भी कर दिया था। वहीं चार अक्टूबर को उसकी बेटी के साथ मारपीट की गई। उसकी मौत की सूचना पाकर आए तो देखा कि उसके शरीर पर मारपीट के निशान भी दिखाई दे रहे हैं। सुखवीर का आरोप है कि शैली की मारपीट कर उसे फंदे पर लटकाया गया है। इसलिए इस मामले में कार्रवाई की जाए।

## ट्रेन से कट कर वृद्ध की मौत

**मुरैना, देशबन्धु।** स्टेशन रोड थाना अंतर्गत उत्तमपुरा रेलवे ट्रैक पर सोमवार की सुबह रेल पटरी क्रॉस कर रहे वृद्ध की एक ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दाताराम शर्मा पुत्र तुलाराम शर्मा उम्र 85 निवासी नाला नंबर एक स्थित मोदी फैक्ट्री के पास सोमवार की सुबह उत्तमपुरा रेल्वे ट्रेक से गुजरते हुए अपने घर जा रहे थे, तभी अचानक ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक का पीएम कराकर लास परिजनों को सौंप दी। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### दिशांत बने भारतीय सेना में कैप्टन



**मुलताई, देशबन्धु।** ब्लॉक के ग्राम बरई के रघुवंशी शिवडे परिवार के पुत्र दिशांत ने भारतीय सेना मे लेफ्टिनेंट पद से कैप्टन के पद पर पदोन्नती प्राप्त की है। गौरतलब है कि उनके पिता मोरध्वज रघुवंशी ने भी वर्ष 1990 से 2000 तक सेना मे प्रधान मंत्री की सुरक्षा एजेंसी एसपीजी में कमांडो रहकर तत्कालीन प्रधान मंत्री की सुरक्षा का कार्य किया है। दिशांत ने यूपीएससी सीडीएस परीक्षा 2019 मैरिट में उत्तीर्ण कर भारतीय सेना की ट्रेनिंग करने के बाद 2021 में भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट का पद प्राप्त किया था। परिवार में सभी सदस्य विभिन्न सरकारी सेवाओं में कार्यरत है। दिशांत के कैप्टन बनने पर चाचा हेमंत रघुवंशी सहित कई लोगों ने बधाई प्रेषित की है और बताया कि हमारे ग्राम बरई में रघुवंशी परिवार के हर घर से सरकारी सेवाओं में पदस्थ है।

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने घोड़ाडोंगरी और भैंसदेही के अधिकारी बदले

**बैतूल, देशबन्धु।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद ने घोड़ाडोंगरी और भैंसदेही के रिजर्व सेक्टर अधिकारी की नियुक्ति में परिवर्तन किया है। मकसूद द्वारा जारी आदेशानुसार विधानसभा क्रमांक 133 भैंसदेही में सेक्टर अधिकारी के रूप में विजयकुमार गौरे शा.सहा.प्राध्यापक भैंसदेही के स्थान पर सहायक अभियंता सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सुनील रजक को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्रमांक 132 के सेक्टर अधिकारी राहुल शर्मा सेक्टर 38 ग्राम पंचायत भवन मेहकार के स्थान पर मनोज कुमार घोरसे, सहायक प्राध्यापक जयवंती हॉक्सर महाविद्यालय बैतूल को नियुक्त किया गया है। घोड़ाडोंगरी रिजर्व सेक्टर अधिकारी मनोज कुमार घोरसे के स्थान पर साहेबराव झरबड़े, सहायक प्राध्यापक शा.महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी को रिजर्व सेक्टर अधिकारी बनाया गया है।

### पूर्व पार्षद का निधन



**सारनी, देशबन्धु।** श्रमिक नेता एवं वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के एरिया अस्पताल के स्वास्थ्य निरीक्षक देवेंद्र भादे की पत्नी भाग्यवती भादे का लंबी बीमारी के बाद नागपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को 10 बजे राजीव चौक तिगड्डा के मोक्ष धाम में किया जाएगा। भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रजीत सिंह ने बताया कि वार्ड क्रमांक 29 से भाजपा के चुनाव चिन्ह पर स्व. भाग्यवती भादे दो बार पार्षद रही एवं महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर रही। उन्होंने मुलताई विधानसभा का निर्दलीय चुनाव भी लड़ा था। उनके निधन से कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा में वेकोलि के कर्मचारियों अधिकारियों में शोक की लहर है।

### पुर्व जनपद अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता बालाराम डोंगरदिये का निधन



**मुलताई, देशबन्धु।** जनपद पंचायत मुलताई के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता बालाराम डोंगरदिये का सोमवार की रात करीब 1बजे निधन हो गया। जो कि 84 वर्ष के थे।जिनकी अंत्येष्टि सोमवार की दोपहर नगर के मोक्षधाम में कई गई। डोंगरदिये कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रहे। वहीं बाद में जनपद पंचायत मुलताई के अध्यक्ष भी रहे है। जो कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी माने जाते थे। डोंगरदिये के बडे पुत्र संतोष डोंगरदिये ने बताया कि उनके पिता कुछ वर्षों से घर पर ही रहते थे। जो कि स्टोन क्रेशर का कार्य संभालते थे। उनका व्यक्तित्व बिरला ही था। यही कारण है कि उनकी दोस्ती हर उम्र के लोगो से थी। बीते गुरुवार की डोंगरदिये अपने चौथिया स्थित घर में ही गिर गए थे। नगर के निजी अस्पताल में उनका आप्रेशन हुआ था। जिसके बाद स्वास्थ्य में सुधार भी हुआ लेकिन सोमवार रात 1 बजे उनका निधन हो गया। उनके पुत्र संतोष डोंगरदिये, जीवन डोंगरदिये ने स्थानीय मोक्षधाम में मुखाग्नि दी। उनकी अंतिम यात्रा में विधायक सुखदेव पांसे, पूर्व विधायक पीआर बोड़खे, चंद्रशेखर देशमुख सहित स्थानीय नेता, ग्रामीण, नगरवासी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# नगर सहित गांवों में वृहद स्तर पर चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

**नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुई प्रतियोगिताएं**



**मुलताई, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान संभव हो सके इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन स्कूलों, पंचायतो, आंगनवाड़ियों आदि जगहों पर किया जा रहा है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अनामिका सिंह ने बताया कि मुलताई नगर के लिए नपा सीएमओ राजकुमार इवनाती और ग्रामीण क्षेत्र के लिए जनपद सीईओ धर्मपाल सिंह मशराम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

नगर के शासकीय नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली एवम् चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान पर आशिका खान एवं प्रियंका मर्सकोले, द्वितीय स्थान पर रुकैया खान एवं माहीनूर शेख, आयुषी बिंझाड़े एवम् तृतीय स्थान उर्वशी धुर्वे ने प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य श्रीमती नीलिमा गार्गव ने छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल की शिक्षिका श्रीमती जया शर्मा समिति, रेखा सिंह, अरुण उईके, नपा से मेहबूब खान एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

**जनपद पंचायत कार्यालय से रोज जारी हो रहा स्वीप बुलेटिन:** जनपद पंचायत सीईओ धर्मपाल सिंह मशराम ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत कार्यक्रमों का रोजाना कार्यालय की ओर से स्वीप बुलेटिन जारी किया जा रहा है। प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों में हुई गतिविधियों से सभी प्रेरणा ले और लगातार शत प्रतिशत मतदान के लिए कार्य करें इसके लिए बुलेटिन निकाला जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम रिधोरा में महिलाओ द्वारा रंगोली, ग्राम सराई में मतदान की शपथ, ग्राम परसठानी, हेटी आदि जगहों पर दीवारों पर नारे लेखन, ग्राम पंचायत वलनी में स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने बताया की उनके द्वारा स्वयं रोज सुबह आसपास के मतदान केदो का मॉर्निंग वॉक के दौरान ही पैदल पहुंचकर भ्रमण किया जा रहा है। अभी तक करीब 20 से 25 पोलिंग बूथों का पैदल निरीक्षण कर चुके हैं।

# बैठक में पार्टी प्रतिनिधियों ने समझी नामांकन की प्रक्रिया



**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमनबीर सिंह बैंस की अध्यक्षता में जिला निर्वाचन स्टेंडिंग कमेटी की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिला कोषालय अधिकारी नितेश उईके द्वारा नॉमिनेशन के लिए निक्षेप राशि का किस प्रकार से भगुतान किया जाना है बिन्दूवार विवरण से अवगत कराया। कलेक्टर बैंस ने हिदायत दी कि हमारा ध्येय होना चाहिए कि किसी भी छोटी सी त्रृटि के कारण नॉमिनेशन निरस्त ना हो। बैठक में कांग्रेस से हेमंत पगारिया, आम आदमी पार्टी के शैलेष वाईकर, कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता देवेन्द्र वाद्य, भाजपा से कैलाश धोटे एवं पवन यादव, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अमित गांधी और सुनील बर्डे, बसपा से जीआर पाटिल, जादोराव सूर्यवंशी, बसपा सुनील नागले, एडीएम जेपी सैय्याम, सहायक कलेक्टर ऐश्वर्या वर्मा, जिला उप निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद, एसडीएम बैतूल अभिषेक चौरसिया, राजीव कहार, एआरओ अतुल श्रीवास्तव, आरओ तृप्ति पटेरिया, आरओ आमला शैलेन्द्र बड़ोनिया आदि अधिकारी उपस्थित थे। उईके ने बताया कि विक्षेप राशि के लिए फार्म कोई भी भरे, परंतु आवेदक के स्थान पर अभ्यर्थी का नाम ही भरा जाएगा।

# पूजन सामग्री एकत्रित करने नपा नगर में चला रही वाहन



**सामग्री एकत्रित कर बनाई जाएगी खाद**

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में रविवार से शुरू हुए नवरात्र के पावन अवसर पर विभिन्न मंडलों में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना के बाद रोजाना चढ़ाए जाने वाले फुल मालाओं और अन्य पुजन सामग्री को यहां वहा कचरे में फैंकने से बचाने और इनका उपयोग खाद बनाने के लिए किए जाने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा खरीदा गया नया वाहन मंडलों में पहुंचाया जा रहा है। इस वाहन में मंडलों के लोगो से पूजन सामग्री डालने की अपील भी की जा रही है।

**शांति समिति की बैठक में उठी थी मांग:** नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार ने बताया की शांति समिति की बैठक में लोगो द्वारा मांग की गई थी की मंडलों से निकलने वाली पूजन सामग्री को एकत्रित करने के लिए व्यवस्था की जाए। उसी को पूरा करते हुए वाहन चलाया जा रहा है। नगर पालिका सीएमओ राजकुमार इवनाती ने बताया की नगर में विभिन्न दुर्गा मंडलों से एकत्रित की गई पूजन सामग्री का उपयोग खाद बनाने में किया जाएगा। जिसके लिए ताप्ती तट पर स्थित वाचनालय में मशीन भी लगाई गई है। खाद बनाकर इसका उपयोग किया जा सकेगा जिससे साफ सफाई भी बनी रहेगी और खाद भी उपलब्ध हो जाएगी।

# पूजन के साथ शुरू हुई रामलीला, पहले दिन शंकर-पार्वती संवाद का मंचन

**नवयुवक दुर्गा रामलीला मंडल 77 साल से करते आ रहा आयोजन**



**भैंसदेही, देशबन्धु।** नगर के रंगमंच पर रामलीला का मंचन प्रारम्भ हो गया। नवयुवक दुर्गा रामलीला मंडल द्वारा 77 वर्ष से यह आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि के प्रथम दिन मंच पर रामलीला मण्डल संरक्षक पं श्यामनारायण तिवारी,रामलीला मण्डल संरक्षक व जिला पंचायत सदस्य राजा ठाकुर,पूर्व नपाध्यक्ष अनिलसिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी,जिलाउपाध्यक्ष देवीसिंह ठाकुर,रामलीला मण्डल अध्यक्ष संजय तिवारी,कांग्रेस नेता विनय शंकर पाठक,पूर्व नपाउपाध्यक्ष ऋषभदास सावरकर, सुरेश पाल,लक्ष्मीनारायण मालवीय, भाजपा महामंत्री दिलीप घोरे,नरेंद्र मालवीय, धनराज सोनी,रामदयाल राठौर की उपस्थिति में पूजन किया गया। तत्पश्चात रामलीला मंचन की शुरुवात हुई। मंचन के पहले दिन शंकर पार्वती संवाद हुआ जिसमें पार्वती के आग्रह पर भगवान शंकर उन्हें प्रभु श्रीराम की कथा सुनाते है। साथ ही रामजन्म के साथ ही कई लीलाओं का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। रामलीला देखने काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे। रामलीला मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र मालवीय,बाबूलाल राठौर,सचिव सुरजीतसिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष नरेंद्र सोनी,सहसचिव शंकर राय, सहकोषाध्यक्ष दलजीत मनवर सहित नवयुवक दुर्गा राम लीला मण्डल के पदाधिकारियों ने बताया कि दर्शकों के लिए एलईडी, सुंदर लाइटिंग,पेयजल व्यवस्था के साथ बैठक व्यवस्था की गई है।

### ध्वजा पूजन किया, दशहरे से होगा रामलीला का मंचन

**मुलताई, देशबन्धु।** पवित्र नगरी के गांधी चौक में प्रतिवर्ष होने वाली ऐतिहासिक रामलीला का मंडल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार गांधी चौक स्थित बजरंगबली ध्वज स्थल पर हनुमान ध्वजा का पूजन पाठ किया और इसके बाद गांधी चौक रामलीला मंच के समक्ष बजरंगबली ध्वजा स्थल पर हनुमान की ध्वजा फहराकर रामलीला मंचन की अनुमति और राम लीला मंचन का आव्हान किया गया। पंडित गणेश त्रिवेदी ने पूरे विधि विधान के साथ हनुमान ध्वज का पूजन कराया। नगर में रामलीला का मंचन दशहरे से होता है, जो 15 दिवस दीपावली तक चलता है। आयोजन मंडल से जुड़े संजय अग्रवाल बताते हैं कि रामलीला का आरंभ भले दशहरे से होता हो किंतु इसकी प्रक्रिया अष्टमी से मुकुट पूजन के साथ होती है। अग्रवाल बताते हैं कि इस वर्ष रामलीला को आधुनिक और बड़ा रूप दिए जाने के प्रयास किया जा रहे हैं।

# न सड़क बनी न मूलभूत सुविधाएं, गांव में लगाए चुनाव बहिष्कार के पोस्टर




**सारनी, देशबन्धु।** घोड़ाडोगरी विधानसभा के अंतर्गत पुनर्वास केम्प चोपना के नूतनडंगा पंचायत में निवास करने वाले लोगों ने गांव के मुख्य मार्ग पर नेताओं के गांव में प्रवेश पर प्रतिबंध का बैनर पोस्टर लगाकर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के मनकाढाना गांव में पहुंचने के लिए सड़क का निर्माण अभी तक नहीं किया गया है और न ही यहां मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि नूतनडंगा पंचायत के अंतर्गत चिकलपार्टी, हिरणघाटी, वन ग्राम इमलीखेड़ा, निश्चिंतापुर नूतनडंगा और मनकाढाना आता है। सभी गांव में विकास तो हुआ लेकिन मनकाढाना में विकास नहीं हुआ जिसकी वजह से ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों के माध्यम से विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किए जाने का निर्णय लिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि भाजपा हो या कांग्रेस किसी भी पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने इस गांव के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया।

# दुर्गा चौक पर महामाई की स्थापना, 20 को निकलेगी शिव बारात



**बैतूल, देशबन्धु।** विगत 43 वे वर्षों से लगातार श्री गणेश रामायण मण्डल द्वारा दुर्गा चौक गर्ग कॉलोनी में महामाई स्थापना जाती रही है। इस वर्ष भी मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमा स्थापित की गई है। आयोजन समिति के भैयालाल नानकर ने बताया कि मां दुर्गा के नाम से ही गर्ग कॉलोनी के चौक का नाम दुर्गा चौक के नाम से पहचाना जाता है। इन नवरात्र में प्रतिदिन अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम, हवन-पूजन, भंडारा आदि निरंतर शरद पूर्णिमा तक किए जाते है। नवरात्र के छठवें दिन 20 अक्टूबर को प्रतिवर्षानुसार भव्य शिव बारात निकालकर दुर्गा चौक संपन्न कराई जाएगी। रामलु दुपल्ली ने बताया कि जिले के श्रद्धालु दुर्गा चौक पर माता जी के दर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का लाभ लेने दूर-दूर से आते है।

# पुण्यतिथि पर वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को भोजन कराकर बांटे कंबल



**सारनी, देशबन्धु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अवधेश सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर वृद्धाश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों को भोजन करवाने के साथ उन्हें कंबल वितरण करने का कार्य किया गया है। स्व. अवधेश सिंह के पुत्र विक्की सिंह ने बताया कि उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के कुछ वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाने के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी को साथ लेकर वृद्ध आश्रम पहुंचे वहां पर पहले साफ सफाई करने का कार्य किया गया और उसके बाद वृद्ध आश्रम में तीन महिला और चार पुरुषों को भोजन करने के अलावा उन्हें ठंडी से बचने के लिए कंबल वितरण किया गया है। विक्की सिंह ने बताया कि मानव सेवा से बढ़कर कोई दूसरी सेवा नहीं होती है वह उनके पिता के माध्यम से उन्हें सीखने का कार्य किया है। उनके जाने के बाद मानव सेवा के कार्य में उनके परिजन जुटे हुए है। इस अवसर पर अंजनी सिंह,पिटीश नागले,वसीम खान, बाबू सिंह,नारायण खातरकर, पार्षद किरण झारबडे, विक्की सिंह सहित अन्य लोक वृद्ध आश्रम में उपस्थित थे।

*नगर में जगह-जगह विराजी मातारानी की आकर्षक प्रतिमाएं*

# नवरात्रि पर्व: 4 स्थानों पर शुरू हुए गरबे के आयोजन





**मुलताई, देशबन्धु।** जगत जननी मां दुर्गा की आराधना का पर्व शुरू हो चुका है, विधि विधान के साथ मां दुर्गा की नगर में जगह जगह स्थापना की गई है। मुलताई नगर में 4 स्थानों पर गरबे के आयोजन सोमवार से शुरू हो चुका है। बीते एक माह से नगर में विभिन्न मंडल एवं संगठनो द्वारा गरबे की तैयारियां जोर-जोर से की जा रही थी। इस बार मुलताई नगर में चार स्थानों पर गरबे कार्यक्रमों का सार्वजनिक आयोजन किया गया हैए जिसमें गुजराती समाज नागपुर रोड, एक नया परिंदा फाउंडेशन सांवरिया लॉन, बैतूल रोड दुर्गा उत्सव मंडल मंगलवारी बाजार एवं कुनबी समाज संगठन द्वारा प्रमुख है।

**55 वर्षों से हो रहा गुजराती समाज का गरबा:** पवित्र नगरी में सबसे पुराने गरबे की बात करें तो गुजराती समाज गरबा आयोजन समिति का नाम सबसे पहले आता है। गुजराती समाज के दिनेश पटेल ने बताया कि सन 1968 से मुलताई नगर में गुजराती समाज के लोगों द्वारा एकजुट होकर गरबे का आयोजन किया गया थाए तब से लगातार यह निरंतर जारी है। जिसमें समस्त गुजराती समाज की महिलाएं बच्चे, बूढ़े, नौजवान युवकए युवतियां भाग लेते हैं और मां दुर्गा की आराधना करते हैं। पूरे नौ दिन गरबे का आयोजन होता हैए जिसमे पहले दिन गरबे के गट की स्थापना की जाती है और नौवे दिन इसका विसर्जन कर दिया जाता है।

**एक नया परिंदा संगठन के गरबा आयोजन का होगा प्रथम वर्ष:** इस वर्ष नगर में पहली बार एक नया परिंदा संगठन के तत्वाधान में युवाओं द्वारा स्टेशन रोड पर सांवरिया लॉन में गरबे का आयोजन किया जा रहा है। संगठन के सुभम पंडाग्रे ने बताया की 18 और 19 अक्टूबर को गरबा संपन्न होगा। विगत एक सप्ताह से सभी महिलाओं और युवतियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था।

**मंगलवार बाजार और कुंबी समाज मंगल भवन में चल रही तैयारी:** नगर के मंगलवार बाजार में भी दुर्गा प्रतिमा के समक्ष गरबे का आयोजन 18, 19, 20 अक्टूबर को रखा गया है, जिसमें 18 अक्टूबर को भगवान खाटू श्याम की ज्योत का कार्यक्रम भी रहेगा। राहुल वराठे ने बताया कि दशहरे के अवसर पर साईं बाबा की पालकी यात्रा भी हर वर्ष की तरह निकल जाएगी। वहीं क्षत्रीय लोणारी कुंबी समाज संगठन के लोकेश देशमुख ने बताया कि कुंबी समाज मंगल भवन में विगत एक माह से गरबे की तैयारी जारी है। कुनबी समाज महिला संगठन द्वारा सांवरिया लॉन में सोमवार से दो दिवसीय गरबे की शुरआत की गई।

## सार समाचार

### राज्य स्तरीय शालाये जूडो में समेरिटंस का जलवा



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नीमच में आयोजित 67 वीं राज्य स्तरीय शाला जूडो प्रतियोगिता में समेरिटन्स स्कूल की जूडो की छात्रा आरुषि सल्लम ने 23 किलोग्राम में रजत पदक, एवं ऋषिका राजपूत ने 52 किलोग्राम में रजत पदक अर्जित किया। वहीं चारु चिचाम ने कांस्य पदक अर्जित किया। बालक वर्ग में सुफियान रायन ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर संचालक डॉ आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### धान, ज्वार एवं बाजरा के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि अब 20 अक्टूबर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की तिथियां बढ़ाई गई है। पूर्व में यह तिथि 15 अक्टूबर तक निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर अब 20 अक्टूबर तक किया गया है। सभी किसान खरीफ फसलों के उपार्जन के लिए समय सीमा में अपना पंजीयन कराना सुनिश्चित करें।

### माखननगर में मतदाता जागरूकता के लिए बनाया गया सेल्फी प्वाइंट

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले के नगर परिषद माखननगर में आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में विभिन्न मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। नगर परिषद माखननगर कार्यालय में सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है, साथ ही नगर के चौराहों पर स्वीप के होर्डिंग्स फ्लेक्स लगाए जा रहें है एवं नगर में मतदाता जागरूकता रथ चलाया जा रहा है।



### नवरात्रि पर्व के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश पर रहेगा प्रतिबंध

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले की सीमा में भारी वाहन जिले के मुख्य मार्गो से होकर तेज रफ्तार से गुजरते है। जिससे नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान दुर्घटना की आशंका के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीरज कुमार सिंह ने नर्मदापुरम जिले के नगरीय क्षेत्र में नवरात्रि पर्व के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश को रोके जाने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश दिए हैं। 26 अक्टूबर तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह ने शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता 973 की धारा 144 के तहत आदेश पारित किया है। आदेश के तहत नर्मदापुरम जिले के नगरीय क्षेत्रों एवं सलकनपुर धाम जिला सीहोर जाने वाले मार्ग पर नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले पर भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 कि तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही



**इटारसी, देशबन्धु।** कलेक्टर नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में विशेष आबकारी उड़नदस्ते गठित किये है। अवैध मदिरा के बिक्री, निर्माण, परिवहन एवं संधारण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी उड़नदस्ता टीम इटारसी शहर द्वारा ने मेहरागांव क्षेत्र में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही में 800 किलो ग्राम लाहन जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 2 प्रकरण कायम किए। जब्त सामग्री की अनुमति कीमत 80000 रुपए है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक केके पडरिया आबकारी मुख्य आरक्षक रघुवीर निमोदा, आरक्षक मदन रघुवंशी, नगर सैनिक रामावतार यादव का सराहनीय योगदान रहा।

### ट्रेन हादसे के शिकार कोच मुर्सलिन शेख को आया होश



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम जिले में हुई 67 वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने टीम लेकर आये आर्चरी कोच मुर्सलीन को होश आ गया है। वे ट्रेन हादसे का शिकार हो गये थे, जिनमें उनको दोनों पैर गंवाना पड़ा।

नर्मदापुरम के अस्पताल में भर्ती मुर्सलीन को होश आने के बाद वे इशारों में बात भी कर रहे हैं। डाक्टर्स के अनुसार जल्द ही उनको वेंटीलेटर सपोर्ट से हटा देंगे, उनको चौबीस घंटे की सतत निगरानी में रखा है।।

# सवा लाख की अवैध शराब के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार



**इटारसी, देशबन्धु।** पुलिस ने सवा लाख की अवैध शराब के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। चुनाव आचार संहिता के दौरान पुलिस द्वारा सख्ती से नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में इन तस्करों की जांच में अवैध शराब की जब्त की गई है।पुलिस अधीक्षक डॉ गुरुकरन सिंह ने आचार संहिता के पालन में सभी थाना प्रभारियों को अवैध कामों में लिप्त असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के आदेश दिये हैं। इस के तहत शिवपुर थाना प्रभारी विवेक यादव ने अपनी टीम के साथ शिवपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भैरोपुर में घेराबंदी कर एक कार को रोका। जब कार की जांच की गई तो उसमें बड़ी मात्रा में अवैध शराब मिली। कार में करीब 1250 देशी प्लेन शराब के क्वार्टर पेटियों में भरे मिलेजिसकी कीमत लगभग 1 लाख 25 हजार रुपये है।

अवैध शराब का परिवहन करते हुए दो आरोपियों कार का चालक संदीप साहू डोलरिया एवं कार में बैठा रामशंकर रावत, निवासी रावत मोहल्ला पथरौटा को गिरफ्तार किया। ये दोनों अवैध शराब का परिवहन कर रहे थे। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शराब के साथ कार को भी जब्त किया है जिसकी कीमत 3 लाख रुपये है। कुल 4 लाख 25 हजार रुपये की जब्ती पुलिस ने इस मामले में की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

# वाहनों की सघन जांच की जाए, अवैध सामग्री जप्त करें : कलेक्टर



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मंगलवार से आयोजित होने वाले मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण प्रभावी ढंग से आयोजित किया जाएं। सभी सेक्टर ऑफिसर भी प्रशिक्षण में उपस्थित रहें। यह निर्देश कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्टोरेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम में भी आवश्यक व्यवस्थाओं की विधानसभावार समीक्षा कर स्ट्रॉन्ग में आवश्यक तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में विधानसभावार निर्वाचन की समीक्षा कर फॉर्म 7 के आवेदनों का 18 अक्टूबर तक निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के मतदान के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि सभी 13 चैकपोस्ट पर स्थापित स्थैतिक निगरानी दल द्वारा प्रभावी ढंग से कार्यवाही की जाए। एसएसटी दल वाहनों की सघन जांच करें। सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी निराकरण अपने क्षेत्र में एसएसएसटी, एफएसटी की सतत मॉनिटरिंग करें। बताया गया की जिले में सभी एसएसटी द्वारा 3 लाख से अधिक की अवैध राशि जप्त की गई हैं। इसी प्रकार आबकारी द्वारा 9 अक्टूबर से अभी तक 8 लाख की अवैध शराब जप्त की गई हैं।

कलेक्टर ने कहा कि नवरात्रि पर्व के दौरान जिले से होते हुए बढ़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा कर सलकनपुर धाम पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी नगरों में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करें। फ्लाईऐश के वाहनों के प्रवेश पर भी पूरे समय के लिए प्रतिबंध लगाएं। बैठक में कलेक्टर ने लंबित राजस्व प्रकरणों की भी तहसीलवार समीक्षा की और प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक सम्पन्न



**इटारसी, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक वरिष्ठ सदस्य अशोक सक्सेना की अध्यक्षता एवं प्रवक्ता राजकुमार दुबे के संचालन में गोठी धर्मशाला में संपन्न हुई। प्रवक्ता राजकुमार दुबे ने बताया कि बैठक राष्ट्रगान के साथ आरंभ हुई। माह में जन्म दिन वाले सदस्यों कमलेश कुमार गुप्ता, जयप्रकाश अग्रवाल, राजेंद्र दुबे, राजकुमार दुबे को मंच परिवार के सदस्यों ने जन्म दिवस की बधाई देते हुए उपहार सामग्री भेंट की। नेपाल की तीर्थ यात्रा पर गए मंच के सदस्यों एनपी चिमानिया, डॉ विनोद कुमार सीरिया, सुशील कुमार शर्मा एवं सुषमा परमहंस ने अपने संस्मरण सुनाए। वन विभाग से एसडीओ फारेस्ट पद से सेवानिवृत्त रामकिशोर चौरे ने अपने वन विभाग के कार्यकाल की जानकारी देते हुए बताया कि सतपुड़ा वन रेंज में सन् 1869 में सागौन पेड़ों के पौधों का प्लांटेशन किया गया था। उन्होंने बताया कि चंदन का वृक्ष 8 वर्ष में तैयार हो जाता है एवं वन माफिया से सुरक्षित रखने के लिए भारी देखरेख करनी पड़ती है। उन्होंने वन्य जीवों के संदर्भ में भी विस्तार से जानकारी दी। आगामी नवंबर माह में आंवली घाट, मढ़ई अथवा चूरना में से किसी एक स्थान की पर्यटन यात्रा करने पर सहमति बनी। बैठक में मंच उपाध्यक्ष सीपी ठाकुर सचिव मोहन भाई पटेल टीआर चौलकर, घनश्याम दास मित्तल, हेमंत भट्ट, गोविंद प्रसाद दीक्षित, विजय मंडलोई, सूरत सिंग सोलंकी, मुरली मनोहर दीक्षित आदि की उपस्थिति रही।

### नवरात्रि पर्व के दौरान नगरीय क्षेत्रों में भारी वाहनों के प्रवेश पर रहेगा प्रतिबंध

**डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट नीरज कुमार सिंह ने दिए आदेश**

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले की सीमा में भारी वाहन जिले के मुख्य मार्गों से होकर तेज रफ्तार से गुजरते हैं जिससे नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान दुर्घटना की आशंका के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीरज कुमार सिंह ने नर्मदापुरम जिले के नगरीय क्षेत्र में नवरात्रि पर्व के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश को रोके जाने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश दिए हैं। 26 अक्टूबर तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह ने शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता 973 की धारा 144 के तहत आदेश पारित किया है। आदेश के तहत नर्मदापुरम जिले के नगरीय क्षेत्रों एवं सलकनपुर धाम जिला सीहोर जाने वाले मार्ग पर नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/ संगठन पर भारतीय दंड विधान की धारा 188 कि तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# मानस चैंपियंस लीग में छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला स्तरीय मानस चैंपियंस लीग 2023 का पुरस्कार वितरण समारोह में इटारसी के 70 छात्राओं और नर्मदापुरम के लगभग 55 छात्र छात्राओं पुरुस्कृत किया जिन्होंने इस प्रतियोगिता में 90 या उससे अभी अंक अर्जित किए थे। इस वर्ष बच्चों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मानस चैंपियन लीग का पुरस्कार वितरण दो पारियों में इटारसी व नर्मदापुरम में सम्पन्न कराया।

नर्मदापुरम व उसके पास के स्कूल के बच्चों को नर्मदापुरम में शाम 5 बजे से तिलक भवन में पुरस्कार प्रदान किए। मानस चैंपियन लीग का शुभारम्भ इस वर्ष जुलाई माह के प्रथम सप्ताह से शुरू हो चुका था। मानस चैंपियंस लीग का यह सफलतम 8 वॉ वर्ष व 7 वॉ संस्करण है। इस वर्ष जिले के सभी स्कूलों में लगभग 5000 प्रश्न पत्रों का वितरण किया था। इस वर्ष भी श्री रामचरित मानस से संबधित 38 प्रश्नों को मानस चैंपियंस लीग में समाहित किया था जिन्हें 100 अंकों में विभाजित किया जिसमे की वैकल्पिक प्रश्न, जोड़ी मिलन, रिक्त स्थान, लघु व दीर्घ उत्तरी प्रश्न सम्मिलित किए थे। नर्मदापुरम से प्रथम पुरस्कार नित्या भदौरिया छठवीं कक्षा सेमीरिटर्न स्कूल, शिवम मिश्रा 12 वीं कक्षा पंडित रामलाल शर्मा स्कूल, आर्य तिवारी कक्षा 11 वीं सेमीरिटर्न स्कूल ने प्राप्त किए। द्वितीय पुरस्कार अलंकृता तिवारी कक्षा छठवीं सेमीरिटर्न स्कूल व रितिक शर्मा कक्षा छठवीं सेमीरिटर्न स्कूल ने प्राप्त किए। साथ ही तृतीय पुरस्कार के विजेता केतन यादव कक्षा सातवीं सेमिरिटर्न स्कूल, नम्रता चौहान कक्षा चौथी स्प्रिगडले स्कूल, वैष्णवी सोनी कक्षा 9वी सेमीरिटर्न स्कूल वा सवितांश दीक्षित नर्मदा महाविद्यालय से रहे शेष चयनित छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत पुरस्कृत किया गया। मानस चैंपियंस लीग का आयोजन ऋषिकुल संस्कृत विद्यालय द्वारा किया जाता है। प्रतियोगिता आयोजक समिति ने बताया कि मानस चैंपियंस लीग का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को रामचरित मानस के प्रति रुचि को जागृत करना वा युवा पीढ़ी को आध्यात्मिकता की ओर मोड़ना है। जिसे की नई पढ़ी अपने जीवन में समावेश करके उनका अनुसरण कर सकें। नर्मदापुरम के पंडित रामलाल शर्मा स्कूल, स्प्रिगडेल स्कूल, नर्मदा विद्या निकेतन स्कूल, पाणिनी ज्ञानपीठ सेमी रिटर्न स्कूल मालाखेड़ी, नर्मदा वैली स्कूल मालाखेड़ी, नर्मदा हाई स्कूल, सेमीरिटर्न स्कूल बाया आदि ने मानस चैंपियन लीग 2023 को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई है। इटारसी के प्रमोद पगारे वा उनके सहयोगियों ने विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पं. गोपाल खड्डर, प्रमोद पगारे, संजय गार्गव, प्रभुदयाल यादव व प्रशांत दुबे रहे।

# आकर्षण का केन्द्र है 9 देवियों का दरबार



**इटारसी, देशबन्धु।** दुर्गा उत्सव प्रारंभ हो चुका है। शहर में लगभग सौ स्थानों पर माता भगवती सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। आर्डनेंस फैक्ट्री रोड पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां भुवनेश्वरी 9 देवी दरबार सजा है, जो काफी आकर्षक है।

गौरतलब है कि पथरोटा से आयुध निर्माणी मार्ग पर केवल आधा किलोमीटर दूर दुर्गा उत्सव के पवन और पुनीत अवसर पर नौ देवियों की स्थापना की गई है। वर्षों से यह परंपरा जारी है। इस समिति के संयोजक मदन लाल केवट अपने सभी साथियों के सहयोग से यह आयोजन करते हैं। इन प्रतिमाओं को देखने के लिए नर्मदा पुरम जिले एवं बैतूल जिले से श्रद्धालु आते हैं। अत्यधिक सुंदर प्रतिमाएं बनाई गई हैं जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होती हैं।

# कठपुतली और नुक्कड़ नाटक कर किया मतदान के लिए जागरुक

**इटारसी, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद द्वारा स्वीप गतिविधि के अंतर्गत आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु सुनियोजित मतदाता शिक्षा और मतदान में भागीदारी के लिए जन जागरूकता गतिविधि संचालित कराई जा रही है। इसके अंतर्गत आज नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर कलाकारों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली डांस का आयोजन किया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती रितु मेहरा ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करते हुए मतदान करने के लिए जागरूक करना है। सीएमओ ने बताया कि हमारी टीम द्वारा स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत गतिविधियां कराई जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य निकाय क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक कर विधानसभा निर्वाचन 2023 में अपने मत का प्रयोग कर सकें साथ ही चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हेतु रहवासियों को हमारी टीम द्वारा मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है इसी के अंतर्गत आज नुक्कड़ नाटक कठपुतली कार्यक्रम का आयोजन किया है। उन्होंने बताया कि आज स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने वार्डों में और सार्वजनिक स्थलों जयस्तंभ चौक, रेलवे स्टेशन के पास, नगर पालिका कार्यालय के पास, सूरजगंज क्षेत्र, एमजीएम कालेज के पास, पुरानी इटारसी तथा सरदार वल्लभभाई पटेल सतरस्ता न्यास कालोनी में नुक्कड़ नाटक और कठपुतली नृत्य के माध्यम से मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरुक किया गया है। सीएमओ ने बताया कि मतदाता जागरुकता की ये गतिविधियों विभिन्न माध्यमों से जारी रहेंगी।




# हाथ धुलाई दिवस पर हाथ धोने के तरीके बताए



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** ग्लोबल हैण्ड वॉशिंग डे के अवसर पर 15 अक्टूबर को जिला अस्पताल में ग्लोवल हैण्ड वॉशिंग डे मनाया गया।

सिविल सर्जन डॉ सुधीर विजयवर्गीय एवं डॉ राजेश माहेश्वरी निश्चेतना विषेशज्ञ ने बताया कि संक्रमण से बचाव के लिए हाल धोना बहुत जरूरी है। हाथ धुलाई से हम 70 प्रतिशत तक रोग को कम कर सकते हैं, चेहरे को छूने, खान पान की वस्तुओं को उपयोग करने से पहले हाथ धोना अवश्य चाहिए। इस मौके पर श्रीमती निधि रामकुचे एवम रोशनी प्रजापति द्वारा संक्रमण व रोगों से बचाव हेतु हाथ धोने के 6 चरण का डेमोन्सट्रेशन कर प्रशिक्षण दिया एवं हाथ धुलाई के 5 तरीके के बारे में बताया।

# बाल विवाह एवं बेटी बचाओ पर कॉलेज में हुए कार्यक्रम

*__इटारसी, देशबन्धु।__ शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन नर्मदापुरम के सहयोग से बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं बेटी बचाओ विषय पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि बाल विवाह एक वैश्विक मुद्दा है जो गरीबी, सुरक्षा, लैंगिक असमानता एवं सामाजिक मानदंडों से प्रेरित है। बाल विवाह एक सामाजिक बुराई एवं कानूनन अपराध है। इस बुराई के विरुद्ध बच्चों के बचपन एवं उनके अधिकारों की रक्षा करने की जिम्मेदारी हम सब पर है। सत्यार्थी फाउंडेशन के जिला प्रभारी सत्येंद्र चौरे ने कहा कि 16 अक्टूबर के दिन ही नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी। इसी श्रृंखला में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल शोषण के विरुद्ध अलख जगाने के लिए हम समाज में सक्रिय भूमिका निभाने वाली शैक्षणिक संस्थाओं में जागरूकता कार्यक्रम कर रहे हैं। संचालक डॉ शिरीष परसाई ने कहा कि*



*आधुनिक युग में जब पूरा विश्व वैज्ञानिक प्रगति कर रहा है, भारत समेत पूरे विश्व में बाल विवाह की घटनाएं घटित होना चिंता जनक है। शिक्षा ही जीवन स्तर सुधारने और निर्णय लेने की क्षमता विकसित कर बाल विवाह का जड़मूल नाश कर सकती है। डॉ. श्रद्धा जैन ने कहा कि इस समस्या के निराकरण के लिए सरकार और समाज के जागरूक संगठनों को प्रयास और तेज करने होंगे।*

### प्रतियोगिता के परिणाम

*भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सौम्या सूद, द्वितीय स्थान खुशी तोमर एवं तृतीय स्थान दिव्या भार्गव के द्वारा प्राप्त किया गया जबकि रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पलक साहू, द्वितीय स्थान पीहू सराठे एवं तृतीय स्थान सानिया राइम ने प्राप्त किया। छात्राओं को बाल विवाह, बाल श्रम, बाल शोषण के विरुद्ध कार्य करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. हरप्रीत रंधावा, पूनम साहू, डॉ. शिरीष परसाई, डॉ. श्रद्धा जैन, डॉ. शिखा गुप्ता, प्रिया कलोसिया, क्षमा वर्मा, स्मिता मसीही, ज्योति खैरवार एवं अनेक छात्राएं उपस्थित थीं।*

भाजपा और बसपा के कई नेताओं ने ग्रहण की सदस्यता

# कांग्रेस में लौटे महेन्द्र बौद्ध, पटेल ने भी थामा हाथ



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी और बसपा के कई नेताओं ने आज कांग्रेस का दामन थाम लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित समारोह में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री महेन्द्र बौद्ध ने घर वापसी की वहीं गाडरवारा से भाजपा के विधायक रहे गोविंद पटेल के पुत्र गौतम पटेल अपने सैकड़ों साथियों के साथ कांग्रेस में शामिल हुए। समारोह में कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश का हर वर्ग भाजपा सरकार से त्रस्त है। आप सभी सच्चाई का साथ दीजिए, हम मिलकर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। इस अवसर निवाड़ी के बसपा नेता उमेश यादव, रायसेन के भाजपा नेता भंवरलाल पटेल, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के पूर्व कुलसचिव डॉ. बी भारती, सांची जनपद अध्यक्ष अर्चना पोर्ते ने भी कांग्रेस की सदस्यता ली।जन न्याय दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज बिहारी चौरसिया ने कांग्रेस में विलय की घोषणा करते हुए सभी पदाधिकारियों के साथ पार्टी का हाथ थाम लिया। उल्लेखनीय है कि पूर्व गृहमंत्री महेंद्र बौद्ध बसपा में चले गए थे। आज कांग्रेस वापसी पर उनके साथ नगर पंचायत सेवढ़ा की पूर्व अध्यक्ष कमला दिवाकर यादव सहित कई समर्थकों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

### राहतगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष 10 पार्षदों समेत कांग्रेस में शामिल

सुरखी विधानसभा क्षेत्र की राहतगढ़ नगर परिषद की अध्यक्ष प्रियंका गोलू राय ने 10 पार्षदों और बड़ी संख्या कार्यकर्ताओं के साथ आज कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। 15 सदस्यीय इस नगर परिषद में अब भाजपा में 5 सदस्य ही बचे हैं। सुरखी से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा भी इस अवसर पर मौजूद थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने ग्वालियर एवं चंबल संभाग की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा

# स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए आपराधिक तत्वों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सोमवार को ग्वालियर-चंबल संभाग में स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा निर्वाचन सम्पन्न कराने को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों ने तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

श्री राजन ने कहा कि दोनों संभागों के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ एनएसए एवं जिला बदर सहित अन्य प्रतिबंधात्मक धाराओं में सख्त कार्रवाई की जाए। जिससे आम मतदाताओं में विश्वास कायम हो और वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। श्री राजन ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। श्री राजन ने कहा कि अंतर्राज्यीय एवं अंतर जिला नाकों पर 24 घंटे विशेष निगरानी रखी जाए। धन, मदिरा, अन्य मादक पदार्थ, अवैध हथियारों और आपत्तिजनक सामग्री अभियान चलाकर जब्त करें। सभी जाँच दल पूरी तरह मुस्तैद व सतर्क होकर काम करें।

श्री राजन ने वल्नरेबल क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। वल्नरेबल क्षेत्रों में विशेष मतदाता जागरूता अभियान चलाकर लोगों को भरोसा दिलाएँ कि पुलिस और प्रशासन आपकी सुरक्षा के लिये तत्पर है।

### संवेदनशील व अति-संवेदनशील मतदान केन्द्रों के बाहर भी लगाएँ सीसीटीवी कैमरे

श्री राजन ने कहा कि संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील मतदान केन्द्रों की वेब कास्टिंग की पुख्ता व्यवस्था की जाये। ऐसे मतदान केन्द्रों में जरूरत के अनुसार भीतर के साथ-साथ बाहर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

### महिलाओं, दिव्यांगों द्वारा संचालित मतदान केन्द्र भी स्थापित करें

श्री राजन ने प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में महिलाओं एवं दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा संचालित मतदान केन्द्र स्थापित करने के निर्देश दिए। महिला मतदान कर्मियों की सुविधा का ध्यान रखा जाए।

### मतदाता हेल्प-डेस्क नम्बर 1950 का तत्परता से करें संचालन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने जिलों में स्थापित मतदाता हेल्प-डेस्क नम्बर 1950 का संचालन तत्परता से करने के निर्देश दिए। श्री राजन ने कहा कि हेल्पडेस्क पर मतदाताओं की ओर से आने वाला हर कॉल अटेण्ड हो और मतदाता की समस्या का समाधान भी किया जाए। 80 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे बुजुर्ग जो घर से ही मतदान करना चाहते हैं उनसे फॉर्म-12 डी भरवाकर सहमति लें। इसी तरह 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग मतदाताओं को यह सुविधा मुहैया कराई जाना है।

जिन मतदान केन्द्रों में 1500 से अधिक मतदाता हैं वहाँ के मतदाताओं को सुविधाजनक तरीके से वोट डालने की सुविधा प्रदान करने के लिये सहायक मतदान केन्द्र बनाए जायेंगे। श्री राजन ने दोनों संभागों के जिला कलेक्टर्स को सहायक मतदान केन्द्र के प्रस्ताव भेजने और मतदाता पहचान पत्रों (इपिक) का वितरण कराने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा मध्यप्रदेश राज्य पुलिस नोडल अधिकारी अनुराग, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, श्रीमती रूचिका चौहान, संभागीय आयुक्त दीपक सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी. श्रीनिवास वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक चंबल सुशांत सक्सेना और पुलिस उप महानिरीक्षक सुश्री कृष्णावेणी देशावतु उपस्थित थीं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने ली जानकारी

# प्रदेश भर में आज शुरू होंगे शक्ति सम्मेलन



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी मंगलवार से प्रदेश के 12 हजार से अधिक शक्ति केंद्रों पर सम्मेलन की शुरुआत करेगी। इस सम्मेलनों में पार्टी कार्यकर्ता प्रचंड बूथ विजय की प्रतिज्ञा लेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन सम्मेलनों में मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों के अलावा पार्टी के राष्ट्रीय प्रादेशिक अधिकारी भी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 1093 मंडलों में 17 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से एक साथ इन सम्मेलनों की शुरुआत होगी।

श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा एक केडरबेस संगठन है और कार्यकर्ताओं की मेहनत ने इसे दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाया है। उन्होंने कहा कि बीते दो सालों में मध्यप्रदेश में संगठन के सुदृढ़ीकरण और बूथ सशक्तीकरण के लिए सभी 64523 बूथों पर अभियान चलाए गए। इसके साथ ही संगठन में आधुनिक तकनीक समावेश की दृष्टि से बूथों के डिजिटाइजेशन का काम भी किया गया और कार्यकर्ताओं ने बूथ विजय का संकल्प भी लिया। श्री शर्मा ने कहा कि अब मां दुर्गा का आशीर्वाद लेकर पार्टी कार्यकर्ता एक बार फिर मैदान में उतरने जा रहे हैं। 2023 का चुनाव हर बूथ पर लड़ा जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" के मंत्र को नीचे तक पहुंचाने के संकल्प के साथ मैदान में उतरेंगे। इन सम्मेलनों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता के अटूट विश्वास और केंद्र तथा राज्य सरकारों की जीवन बदलने वाली योजनाएं उनकी ताकत होंगी।

## कांग्रेस नेता डॉ. शर्मा कार्यकर्ताओं सहित भाजपा में शामिल



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर रायसेन जिले के बेगमगंज के कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष, कद्दावर किसान नेता एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. रवि शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर रायसेन जिले के एक हजार से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री व विधायक रामपाल सिंह एवं रायसेन जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करना पार्टी की रणनीति



**इंदौर, देशबन्धु।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करना पार्टी की रणनीति है। श्री विजयवर्गीय ने आज यहां पत्रकारों के सवाल के जवाब में बात कही। उन्होंने बताया कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं और पाचों राज्यों में हमारी इसी रणनीति के तहत काम किया जा रहा है।

## कांग्रेस ने की थी शिकायत : दिग्विजय के फर्जी त्यागपत्र को लेकर एफआईआर

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की ओर से कांग्रेस की प्राथमिकता सदस्यता देने के फर्जी पत्र के मामले में भोपाल में एफआइआर दर्ज की गई है। एफआइआर क्राइम ब्रांच ने दर्ज की है, जिसमें अज्ञात को आरोपित बनाया गया है। गौरतलब है कि रविवार को कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद दोपहर में दिग्विजय सिंह के कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का पत्र इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था। इस पर तुरंत ही खुद दिग्विजय सिंह और कांग्रेस पार्टी ने इसका खंडन किया था।

इस मामले में कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा, पार्टी नेता जेपी धनोपिया सहित कई नेताओं ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें यह कहा गया कि यह दिग्विजय सिंह की छवि को धूमिल करने का प्रयास है।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी केके मिश्रा ने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हितेश वाजपेयी पर दिग्विजय सिंह का यह फर्जी त्यागपत्र तैयार कराने और उसे इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित करने का आरोप लगाया था। वहीं, इस आरोप को झूठा बताते हुए वाजपेयी ने कहा कि सवाल पूछने पर कांग्रेस आरोप लगाने लगती है। इस फर्जी त्यागपत्र के सामने आने के बाद दिग्विजय सिंह ने इंटरनेट मीडिया के जरिए प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि वह अंतिम सांस तक कांग्रेस में रहेंगे।

भाजपा के आरोपों का मुख्यमंत्री ने किया खंडन, कहा-

# 5 पैसे के लिए भी नहीं कहता कांग्रेस हाईकमान



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को उन आरोपों राजनीति से प्रेरित और आधारहीन बताते हुए खारिज किया है, जिनमें कहा जा रहा था कि आयकर विभाग की ओर से की गई छापेमारी में जब्त नकदी का कांग्रेस पार्टी से संबंध है। एक दिन पहले भाजपा ने आरोप लगाया था कि एक ठेकेदार और उसके बेटे से 42 करोड़ रुपए समेत नकदी जब्त की गई है, जिनका संबंध कांग्रेस से था। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया था कि सिद्धारमैया सरकार राज्य को एटीएम की तरह इस्तेमाल कर रही है।

भाजपा के इस आरोप के बारे में पूछे जाने पर कि जब्त की गई नकदी को पांच राज्यों में होने वाले चुनावों में लगाया जाना था, सिद्धारमैया ने कहा, हमारा इससे (जब्त किए गए पैसे से) कोई संबंध नहीं है। जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उन्हें खुद की लड़ाई लड़नी चाहिए। जब हम चुनाव लड़ते हैं तो अन्य राज्यों से धन के लिए कहते हैं। जनता ही आशीर्वाद देती है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अब तक पांच पैसे के लिए भी नहीं कहा है। पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) नेता एचडी कुमार स्वामी की आयकर विभाग की छापेमारी में जांच की मांग पर सिद्धारमैया ने कहा कि हमें क्यों जांच करनी चाहिए।यह आयकर विभाग जांच करे। आयकर विभाग ने छापेमारी की है और उसे ही जांच करनी चाहिए। मेरी सरकार को क्यों करना चाहिए (राज्य) सरकार के खिलाफ कहां आरोप हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति से प्रेरित बयानों के आधार प र कोई भी जांच नहीं की जा सकती।

### हमारे राज्य का अन्य राज्यों के चुनाव से कोई संबंध नहीं

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा ि हमारे राज्य का अन्य राज्यों के चुनाव से कोई संबंध नहीं है। जब उसे सीटी रवि के आरोपों के बारे में पूछा गया कि विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए कर्नाटक में कांग्रेस को एक हजार करोड़ रुपये का धन संग्रह करने का लक्ष्य दिया गया है। सिद्धारमैया ने कहा कि वह भाजपा नेता की आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देंगे जो केवल झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा, क्या कोई भी कर्नाटक से एक हजार करोड़ रुपए इकट्ठा करने के लिए कह सकता है।

## मिजोरम विस चुनाव : कांग्रेस ने घोषित किए 39 उम्मीदवार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने मिजोरम की 40 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम को संस्तुति दी है। मिजोरम विधानसभा की 40 सीटों में से 39 के लिए कांग्रेस ने नाम घोषित किए हैं। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष लाल सवता को एजल दक्षिण-3 से उम्मीदवार बनाया है।

### राज्य में सात नवंबर को मतदान होगा

वरिष्ठ नेता ललसावता को एजल पश्चिम-3 विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है जबकि एजल पूर्व-1 से ललसंगलरा रातले को, एजल पश्चिम-1 से आर ललबियाकथांगा और पलाक से आईपी जूनियर को उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री तथा वरिष्ठ नेता ललथनवाला को इस बार टिकट नहीं दिया है। पिछले दिनों उन्हें कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति सीडब्ल्यूसी का सदस्य बनाया गया था। समझा जा रहा है कि उनकी सेहत को देखते हुए पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया है। मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल 17 दिसंबर को खत्म होगा। मिजोरम विधानसभा के लिए सात नवंबर को मतदान होगा तथा तीन दिसंबर को मतगणना होगी। राज्य में मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है।

# तेजस्वी को आधिकारिक यात्रा पर जापान जाने की मिली अनुमति



**पटना, देशबन्धु।** बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव अब आसानी से विदेश दौरे पर जा सकेंगे। राउज एवेन्यु कोर्ट ने उन्हें विदेश यात्रा पर जाने की इजाजत दे दी है। तेजस्वी 24 अक्टूबर से 1 नवंबर के लिए जापान जाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने कोर्ट से जापान जाने और पासपोर्ट रिलीज करने के निर्देश जारी करने की मांगी थी। तेजस्वी जमीन के बदले नौकरी और आईआरसीटीसी होटल टेंडर घोटाला मामले में आरोपी है। तेजस्वी यादव आईआरसीटीसी घोटाला और नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में आरोपी हैं। इसी वजह से उनका पासपोर्ट सीज किया गया था। इसी वजह से उन्होंने कोर्ट से अनुमति मांगी थी, जिसे मान लिया गया है।

सूत्रों का कहना है कि तेजस्वी यादव जलवायु परिवर्तन समिट में हिस्सा लेने के लिए जापान जाने वाले हैं। उन्होंने कोर्ट से अपील की थी कि 24 अक्टूबर से 1 नवंबर के बीच वह ऑफिशियल यात्रा पर विदेश जाना चाहते हैं, इसलिए उन्हें इजाजत दी जाए। कोर्ट ने उनकी अर्जी मंजूर कर ली है। ऐसे में माना जा रहा है कि तेजस्वी यादव 24 नवंबर से 1 नवंबर के बीच विदेश जा सकते हैं। बता दें, बिहार में दबी जुबान से तेजस्वी की ताजपोशी की बातें भी हो रही हैं। दरअसल, जातिगत सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद से ही बिहार की सियासत में हलचल है। आबादी के अनुरूप आरक्षण और जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी की बात हो रही है। इस बीच विभिन्न जातियों के नेता अपनी-अपनी जातियों को प्रतिनिधित्व देने की मांग कर रहे हैं। जातीय सर्वे के आंकड़ों पर गौर करें तो बिहार में यादवों की संख्या 14 प्रतिशत से अधिक है। यादव जाति से डिप्टी सीएम तेजस्वी हैं और उन्हें 17.70 प्रतिशत हिस्सेदारी वाले मुस्लिम समुदाय का पूरा समर्थन होने का दावा किया जाता है। ऐसे में दबी जुबान से ही सही, 2.87 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली कुर्मी जाति से आने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सीएम की कुर्सी छोड़ने और तेजस्वी यादव की को सीएम बनाने की बातें भी सियासी गलियारों में में उठने लगी है।

बाद में इस आबंटन के एवज में पटना में करोड़ों की जमीन एक शेल कंपनी डिलाइट मार्केटिंग कंपनी (जो अब लारा प्राइवेट कंपनी के नाम से जानी जाती है) को ट्रांसफर कर दिया गया था। माना जाता है कि यही लालू की बेनामी संपत्ति है। सीबीआई के स्पेशल डायरेक्टर राकेश अस्थाना के हाथ में इस केस की जिम्मेदारी है। सीबीआई के मुताबकि प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि होटल आवंटन में गड़बड़ियां हुई हैं।

चुनावी राज्य मिजोरम को लेकर एडीआर की रिपोर्ट में खुलासा

# 39 में से 35 विधायक करोड़पति, विस में एक भी महिला विधायक नहीं

• **डॉ. कला अय्यर**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मिजोरम इलेक्शन वॉच द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मिजोरम के मौजूदा विधायकों में से कम से कम 35 विधायक ( विधानसभा के सदस्य) करोड़पति हैं। सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के 27 में से।

23 (85 फीसदी) विधायकों ने 1 करोड़ से अधिक की संपत्ति घोषित की है। ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी विधायक करोड़पति हैं। सबसे अधिक नेटवर्थ वाले विधायक एमएनएफ के रॉबर्ट रोमाविया रॉयटे हैं, जिनकी संपत्ति लगभग 44.75 करोड़ है। एमएनएफ के रामथन माविया की कुल संपत्ति लगभग 17 करोड़ है और ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट के लालछुआनथंगा ने 13 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। सबसे कम नेटवर्थ वाले विधायक टीजे लालनंटलुआंगा हैं, जिनकी संपत्ति 43.6 लाख है। मिजोरम के एक मौजूदा विधायक की संपत्ति की औसत कीमत 4.8 करोड़ है। यह आंकड़ा कांग्रेस विधायकों के लिए सबसे अधिक है, जिनके पास औसतन 5.13 करोड़ की संपत्ति है, जबकि भाजपा के लिए यह सबसे कम है, जिनके एक विधायक की औसत संपत्ति 3.31 करोड़ है। आगामी मिजोरम विधानसभा चुनाव 7 नवंबर को होंगे और मतगणना 3 दिसंबर को होगी। सत्तारूढ़ एमएनएफ, जो भाजपा के नेतृत्व वाले नॉर्थ-ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस (एनईडीए) का हिस्सा है, को ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम), कांग्रेस और भाजपा द्वारा चुनौती दी जाएगी। विश्लेषण किए गए 27 एमएनएफ विधायकों की प्रति विधायक औसत संपत्ति 4.99 करोड़ रुपए है, जबकि विश्लेषण किए गए छह जेडपीएम नेताओं की प्रति विधायक औसत संपत्ति 3.89 करोड़ रुपए है, विश्लेषण किए गए पांच कांग्रेस विधायकों की प्रति विधायक औसत संपत्ति 5.13 करोड़ रुपए है और एक भाजपा विधायक की संपत्ति 3.31 करोड़ रुपये है। मिजोरम में सबसे अमीर विधायक रॉबर्ट रोमाविया रॉयटे एमएनएफ आइजोल से हैं, जो दक्षिण विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं, उनकी संपत्ति 44.74 करोड़ रुपये है। रॉयटे के बाद 16.98 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ एमएनएफ विधायक रामथनमाविया हैं। वह पूर्वी तुईपुई की विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। विधायक जेडपीएम के लालछुआनथंगा ने 12.94 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि 27 विधायकों ने अपने हलफनामे में देनदारियों की घोषणा की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नौ (23 प्रतिशत) विधायकों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता पांचवीं पास और 12वीं पास के बीच घोषित की है। जबकि 29 (74 प्रतिशत) विधायकों ने स्नातक या उससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता घोषित की है।

इसमें कहा गया है, एक विधायक डिप्लोमा धारक है। तीन (8 प्रतिशत) विधायकों ने अपनी उम्र 30 से 40 साल के बीच घोषित की है, जबकि 26 (66 प्रतिशत) विधायकों ने अपनी उम्र 41 से 60 साल के बीच घोषित की है।

### मिजोरम विस चुनाव 7 नवंबर को होंगे



## त्रिपुरा में लोस चुनाव से पहले हो जाति आधारित जनगणना : कांग्रेस

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में जाति आधारित जनगणना की मांग की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार साहा ने कहा कि कांग्रेस ने यहां पार्टी की अनुसूचित जाति (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी)/अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)/अल्पसंख्यक इकाइयों की एक संयुक्त बैठक की और जमीनी स्तर पर गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई। साहा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ओबीसी समुदायों को लाभ प्रदान करने के लिए जाति जनगणना को तत्काल लागू करने की कांग्रेस की मांग को जानबूझ कर नजरअंदाज कर रही है। चुनाव से ठीक पहले मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए भाजपा ने दिखावा करने और देशवासियों को बेवकूफ बनाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक संसद में पारित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव जीतने के लिए इसे एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करने के इरादे से पिछले कई वर्षों तक इस बिल को दबाए रखा था, लेकिन इस अधिनियम से देश की महिलाओं को कैसे लाभ होगा, इसके बारे में अभी तक कोई घोषणा नहीं की गई है। देश की महिलाएं असुरक्षित हो गई हैं और महिलाओं पर अत्याचार कई गुना बढ़ गए हैं, लेकिन सजा आज भी सबसे न्यूनतम है। कांग्रेस द्वारा बार-बार समाज के समग्र विकास के लिए देश में जाति जनगणना की मांग करने के बावजूद केंद्र सरकार संविधान के परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करने में कोई जल्दबाजी नहीं दिखा रही है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**चुनावी बांड से जुड़ी याचिका पर....** 2017 में ही चुनौती दी गई थी, लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई। 12 अप्रैल, 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी पॉलिटिकल पार्टियों को निर्देश दिया कि वे 30 मई, 2019 तक में एक लिफाफे में चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी चुनाव आयोग को दें। हालांकि, कोर्ट ने इस योजना पर रोक नहीं लगाई। बाद में दिसंबर, 2019 में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रटिक रिफॉर्म्स ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए एक आवेदन दिया। इसमें बताया गया कि किस तरह चुनावी बॉन्ड योजना पर चुनाव आयोग और रिजर्व बैंक की चिंताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार किया था।

**26 सप्ताह की गर्भावस्था समाप्त....** नयी दिल्ली से कहा कि वह महिला को गर्भावस्था पूरी होने तक जारी रखने के लिए सभी चिकित्सा सहायता और सहायता प्रदान करे। शीर्ष अदालत ने अविकसित बच्चे को समय से पहले जन्म देने के विकल्प की गुहार भी खारिज कर दी और कहा कि यदि माता-पिता चाहें तो सरकार जन्म के बाद बच्चे की देखभाल कर सकती है।

**प्रधानमंत्री को मणिपुर से ज्यादा....** हुई है। राहुल ने आगे कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री की रणनीति को समझना चाहते हैं, तो इसे एक शब्द 'अडानी' में संक्षेपित किया जा सकता है। सब कुछ एक व्यवसायी की मदद के लिए बनाया गया है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।